● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 126, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 12 जून 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



प्रियंका गांधी ने वायनाड से चुनाव जीतने में की धांधली? 5

रोहित शर्मा का वनडे करियर भी खत्म? 6

## आतंकवाद एक दिन आपको भी नुकसान पहुंचाएगा : जयशंकर

**ब्रसेल्स।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में जो टकराव हुआ, वह केवल दो पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष नहीं था, बल्कि यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई थी और यही आतंकवाद एक दिन पश्चिमी देशों को भी नुकसान पहुंचाएगा। यह बात उन्होंने एक यूरोपीय समाचार वेबसाइट को बुधवार को दिए इंटरव्यू में कही। उन्होंने भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की भी पैरवी की और कहा कि भारत कुशल श्रमिक और चीन की तुलना में अधिक भरोसेमंद आर्थिक साझेदारी प्रदान करता है।

जयशंकर ने कहा, मैं आपको कुछ याद दिलाना चाहता हूं, एक व्यक्ति था ओसामा बिन लादेन। सोचिए, वह आखिर क्यों पाकिस्तान के एक सैन्य कस्बे में उसकी सैन्य अकादमी के ठीक बगल में वर्षों तक खुद को महसूस करता रहा? पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की ओर से शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के एक महीने के बाद जयशंकर यूरोप के दौरे पर हैं। उनसे भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में चार दिन तक चले संघर्ष के बारे में पूछा गया था।

उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि दुनिया यह समझे कि यह केवल भारत-पाकिस्तान का मुद्दा नहीं है। यह आतंकवाद से जुड़ा मुद्दा है और वहीं आतंकवाद एख दिन आप लोगों (पश्चिमी देशों) के लिए भी समस्या बन जाएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मीडिया की आलोचना करते हुए कहा कि मीडिया ने ऑपरेशन सिंदूर को केवल दो परमाणु संपन्न पड़ोसियों की प्रतिक्रिया के रूप में दिखाया, जबकि यह असल में आतंकवाद के खिलाफ एक कार्रवाई थी।

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 26 लोगों की



नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई थी। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया। इस हमले के जवाब में भारत ने सात मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। यह सैन्य संघर्ष चार दिन तक चला था। 10 मई को भारत और पाकिस्तान के सैन्य महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच बातचीत हुई, जिसके बाद सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी।

जब जयशंकर से पूछा गया कि भारत रूस पर पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों में शामिल क्यों नहीं हुआ, तो उन्होंने कहा कि भारत युद्ध को किसी समस्या का हल नहीं मानता। उन्होंने कहा, हम नहीं मानते कि युद्ध के जरिए मतभेदों को सुलझाया जा सकता है। हमें नहीं लगता कि समाधान जंग के मैदान से आएगा। यह हमारा काम नहीं है कि हम किसी समाधान को थोपें। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि हम न तो किसी पर अपनी राय थोप रहे हैं, न ही किसी की निंदा कर रहे हैं। लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं है कि हम पूरी तरह अलग-थलग हैं।

उन्होंने कहा कि भारत के यूक्रेन के साथ भी मजबूत संबंध हैं। यह सिर्फ रूस तक सीमित नहीं हैं। लेकिन हर देश अपने अनुभव, इतिहास और हितों के आधार पर निर्णय करता है। उन्होंने आगे कहा, भारत की सबसे पुरानी शिकायत यही रही है कि हमारी सीमाओं का उल्लंघन (देश की) आजादी के कुछ ही महीनों बाद हुआ, जब पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ करवाई और उस वक्त जो देश सबसे ज्यादा पाकिस्तान के साथ थे, वे पश्चिमी देश थे।

जयशंकर ने कहा, अगर वही देश जो तब टालमटोल कर रहे थे, अब आकर हमसे कहते हैं कि आइए, अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों पर बड़ी-बड़ी बातें करें, तो मुझे पूरा हक है कि मैं उनसे कहूं कि पहले अपने अतीत पर भी नजर डालें।

## प्रदेश में प्रारंभ होंगे नए वन्य प्राणी रेस्क्यू सेंटर : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश का सर्वाधिक वन क्षेत्र और वन्यजीवों की विविधता से संपन्न राज्य है। भारत में सबसे अधिक बाघ (टाइगर) मध्यप्रदेश की धरती पर देखने को मिलते हैं। तेंदुआ (लेपर्ड) और गिद्ध (वल्चर) की संख्या भी मध्यप्रदेश में सबसे अधिक है। प्रदेश के अलग-अलग वन क्षेत्रों में मगरमच्छ और घड़ियालों का बसेरा है। प्रदेश में वन्य जीव संरक्षण, जंगलों की रक्षा और पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वन्य प्राणी संरक्षण सहित सभी क्षेत्रों में तेज गति के साथ अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नए वन्य प्राणी रेस्क्यू सेंटर स्थापित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को



गुजरात रवाना होने के पहले मीडिया में जारी एक संदेश में यह विचार रखे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब वन्यजीव प्रेमियों के लिए मध्यप्रदेश में किंग कोबरा भी लेकर आए हैं। चीतों को पालपुर कूनो राष्ट्रीय उद्यान से गांधी सागर वन क्षेत्र में छोड़कर एक नया नेशनल पार्क विकसित किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक दो नए टाइगर नेशनल पार्क बनने और चीतों के साथ-साथ दूसरे वन्य जीवों की संख्या बढ़ने से संभाग स्तर पर रेस्क्यू सेंटर की आवश्यकता महसूस हो रही है। इन सेंटर्स की स्थापना के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अब तक केवल एक रेस्क्यू सेंटर राजधानी भोपाल स्थित वन विहार में है। यहां प्रदेशभर से घायल और बीमार वन्यजीवों को इलाज के लिए लाया जाता है, लेकिन उनके अनुकूल वातावरण में बदलाव हो जाने के कारण कई बार परेशानियां आती हैं। वन्यप्राणियों की जीवन रक्षा और उनके जीवन में सुखद बदलाव लाने के लिए संभाग स्तर पर रेस्क्यू सेंटर शुरू करने का प्रयास है।

राज्य सरकार प्रदेश में चिड़ियाघरों अर्थात प्राणी उद्यान (जू) की संख्या में भी वृद्धि करने जा रही है। बजट में दो प्राणी उद्यान की स्थापना को स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुजरात में देश का सर्वश्रेष्ठ जू एवं रेस्क्यू सेंटर है।

## सेनाओं को गोली का जवाब गोले से देने की छूट : हर्ष मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि पहले जब देश के सैनिकों पर आतंकवादियों की गोली चलती थी तो वे जवाब देने के पहले दिल्ली की ओर देखते थे। लेकिन आज देश की सेनाओं को स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी आतंकी हमलों का मुंहतोड़ जवाब दें। आज सैनिक गोली के हमले का जवाब गोलों से देते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण ही देश रक्षा उपकरणों के आयातक से सैन्य उपकरणों के बड़े उत्पादक के तौर पर बनकर उभरा है।




केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज देश का युवा नौकरी मांगने वाले से नौकरी देने वाला बन गया है। देश में यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या 118 पहुंच गई है। केंद्र सरकार के सफल आर्थिक नीतियों का ही परिणाम हुआ है कि आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार के सफल नेतृत्व में जल्द ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन जायेगा। केंद्र सरकार ने 17 करोड़ से अधिक नौकरियां उपलब्ध कराई हैं, जबकि यूनिकॉर्न कम्पनियों के बल पर युवाओं ने 17 लाख लोगों को नौकरी उपलब्ध कराई है। केवल सड़कों के निर्माण में 45 करोड़ कार्य दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया गया है। पूरी दिल्ली सरकार का बजट एक लाख करोड़ रुपये का है, लेकिन केंद्र सरकार की तरफ से केवल दिल्ली की सड़कों के सुधार पर 1.25 लाख करोड़ रुपये खर्च किये जाने की योजना है। जनता से दिल्ली

## संत रविदास ने किया था सामाजिक कुरीतियों पर वार, समाज को दी नई चेतना : योगी

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मध्य काल में जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था, तब संत रविदास के रूप में एक प्रकाश पुंज का उदय हुआ। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों पर वार किया और समाज को नई चेतना देने का काम किया। सीएम योगी बुधवार को शुकतीर्थ पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को भी सम्मान नहीं दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लंदन के जिस छात्रावास में बाबा साहब ने पढ़ाई की थी, उसे भी खरीद कर उनकी स्मृति संजोने का काम किया है।

## पीएम मोदी से मिलीं सीएम रेखा गुप्ता

### राजधानी की हरित योजनाओं पर चर्चा, विकास और पर्यटन पर जोर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर राजधानी के विकास के मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने दिल्ली को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए चल रही योजनाओं की जानकारी दी और पीएम के विजन से प्रेरित होकर 'विकसित दिल्ली' के संकल्प को पूरा करने का वादा किया। सीएम ने इस मुलाकात के दौरान ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की पीएम नरेंद्र मोदी से ये एक शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान उन्होंने



दिल्ली के विकास, स्वच्छता और हरित लक्ष्यों पर विस्तार से बात की। सीएम ने बताया कि दिल्ली को साफ-सुथरा और हरा-भरा बनाना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए 70 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान शुरू हो चुका है। पार्कों को खूबसूरत बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने पीएम को शहीद स्मारक स्मृति चिन्ह भेंट किया और कहा कि स्कूली बच्चों को यह स्थल दिखाकर उनमें देशभक्ति का जज्बा जगाया जाएगा। डॉ आंबेडकर राष्ट्रीय स्मारक और पीएम संग्रहालय को टूरिस्ट सेंटर बनाने की योजना है। इसके लिए जागरूकता अभियान और सोशल मीडिया कैंपेन चलाए जाएंगे। सीएम ने कहा कि पीएम के दूरदर्शी नेतृत्व से उन्हें प्रेरणा मिलती है। उनकी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के साथ राजधानी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

## दिल्ली में पैर पसार रहा कोरोना

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना के सक्रिय मरीजों का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। केरल और गुजरात के बाद दिल्ली में कोरोना के सबसे ज्यादा सक्रिय मरीज है। कोरोना मरीजों का आंकड़ा 750 को पार कर गया है। बढ़ते सक्रिय मरीजों के आंकड़े के साथ दिल्ली देशभर में कोरोना के मामलों में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड के अनुसार बीते 24 घंटे में कोरोना के 66 नए मरीज मिले और 90 मरीजों ने कोरोना को मात दी। राहत की बात यह है कि मौत का कोई नया मामला सामने नहीं आया है।

## राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ टिप्पणियों पर मस्क ने अफसोस जताया

**नई दिल्ली।** अमेरिका में राजनीतिक उथल-पुथल के संकेतों के बीच एलन मस्क के तेवर नरम पड़ते दिख रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक रहे अरबपति उद्योगपति एलन मस्क अब उनकी नीतियों की मुखर आलोचना करने के करीब एक हफ्ते बाद अपने बयानों पर अफसोस जताया। उन्होंने कहा कि एक्स पर जारी वार-पलटवार का मामला लंबा खिंच गया। ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप को लेकर उन्होंने जो भी बयान दिए, इसका उन्हें गहरा अफसोस है। गौरतलब है कि दोनों दिग्गजों के बीच यह टकराव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किए गए सिलसिलेवार पोस्ट से बीते पांच जून से शुरू हुई थी। बता दें कि मस्क ने ट्रंप के साथ सीधे टकराव के बीच अपनी अंतरिक्ष परियोजनाओं को बंद करने का एलान कर दिया था। ट्रंप को भी पत्रकारों के बीच लगातार मस्क से टकराव के मुद्दे पर बोलते देखा गया। विवाद की शुरुआत उस समय हुई जब सबसे पहले ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, मुझे एलन हमेशा पसंद रहे हैं... मैं चाहूंगा कि वे बिल की बजाय मेरी आलोचना करें, क्योंकि बिल अविश्वसनीय है।

## जो सबसे सटीक कार्यवाही करता है, वही जीतता है : आशुतोष

**नई दिल्ली।** वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने एक कार्यक्रम में मौजूदा युद्ध की स्थितियों में सर्विलांस और इलेक्ट्रो-ऑप्टिक सिस्टम के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक बात पूरी तरह से स्पष्ट हो गई कि सबसे पहले, सबसे दूर और सबसे सटीक कार्रवाई करने वाला हमेशा युद्ध में जीतता है।

दिल्ली में सर्विलांस और इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स इंडिया सेमिनार में बोलते हुए एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा कि जब हम



आर्मेनिया-अजरबैजान, रूस-यूक्रेन और इस्राइल-हमास के वैश्विक संघर्षों और ऑपरेशन सिंदूर में अपने स्वयं के अनुभवों को देखते हैं तो एक बात बिल्कुल साफ तौर पर सामने आती है कि जो पक्ष पहले कार्रवाई करता है, वह जीतता है। यही सिद्धांत सदियों से सैन्य सोच को दिशा देता रहा है, लेकिन आज के समय में यह अधिक प्रासंगिक हो गया है।

एयर मार्शल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर इन बदलती वास्तविकताओं के अनुकूल ढलने के लिए भारत की तत्परता का प्रदर्शन था। ऑपरेशन सिंदूर से मिले सबक ने सैन्य रणनीतिकारों की उस बात को पुख्ता किया है जिसे वे लंबे समय से समझते आए हैं। आधुनिक युद्ध ने तकनीक की बदौलत दूरी और भेद्यता के बीच के रिश्ते को मौलिक रूप से बदल दिया है। उन्होंने कहा कि युद्ध के मौजूदा सिद्धांतों को चुनौती दी जा रही है और नए सिद्धांत उभर रहे हैं। पहले क्षितिज तत्काल खतरे की सीमा को चिह्नित करता था। आज स्कैल्प, ब्रह्मोस और हैमर जैसे सटीक हथियारों ने भौगोलिक बाधाओं को लगभग निरर्थक बना दिया है, क्योंकि क्क्र,रू और सुपरसोनिक,तरू के साथ हमले आम हो गए हैं। एयर मार्शल दीक्षित ने कहा कि सर्विलांस और इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स का तेजी से आगे बढ़ता क्षेत्र अब केवल एक परिचालन सक्षमकर्ता नहीं रह गया है, बल्कि समकालीन सैन्य रणनीति का आधार बन गया है।

## अमरनाथ जा रहे बीएसएफ जवानों को खस्ताहाल ट्रेन मिली

**नई दिल्ली।** अमरनाथ यात्रा के लिए ड्यूटी पर जा रहे 1200 बीएसएफ जवानों ने ट्रेन की खराब हालत देखते हुए चढ़ने से इनकार कर दिया। 5 दिन पुराने इस मामले में रेल मंत्रालय ने 4 रेल अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। 6 जून को जवानों को त्रिपुरा से अमरनाथ जाना था। नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे ने जो ट्रेन जवानों को मुहैया कराई उसमें खिड़कियां-दरवाजे टूटे थे। ट्रेन का वीडियों भी अब सामने आया है। इसमें टॉयलेट टूटा है, लाइट नहीं है। सीटों पर गद्दियां भी गायब हैं। फर्श पर कॉकरोच दिखाई दे रहे हैं। जवानों के इनकार के बाद 10 जून को दूसरी ट्रेन मुहैया कराई गई।

ट्रेन के डिब्बों का महीनों से इस्तेमाल नहीं हुआ था जवानों को अमरनाथ तीर्थयात्री ड्यूटी के लिए कश्मीर पहुंचना था। जिस ट्रेन से उन्हें जाना था, उसका बीएसएफ के कंपनी कमांडर ने निरीक्षण किया। ट्रेन की हालत देखकर वे हैरान रह गए।

## दिग्विजय के भाई और पूर्व एमएलए लक्ष्मण सिंह कांग्रेस से निष्कासित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह पर पार्टी ने बड़ा एक्शन लिया है। पार्टी ने लक्ष्मण सिंह को 6 साल के लिए पार्टी से बाहर कर दिया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद लक्ष्मण सिंह ने राहुल गांधी, उमर अब्दुल्ला और रॉबर्ट वाड्रा को लेकर बयान दिए थे, उनके यह ही बयान अब उन पर भारी पड़ गए हैं।

जारी पत्र में कहा गया है कि लक्ष्मण सिंह के राहुल गांधी, उमर अब्दुल्ला और रोबर्ट वाड्रा को लेकर दिए गए बयानों को पार्टी ने अनुशासनहीनता मानता है। इसी के चलते अब उन्हें पूरे 6 साल के लिए पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया गया है।

## हम संत नहीं कि विपक्ष में रहकर नारेबाजी करें : अजित



**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 26वें स्थापना दिवस के मौके पर डिप्टी सीएम अजित पवार ने भाजपा से गठबंधन के सवालों पर जवाब दिया। उन्होंने कहा- हम संत नहीं हैं। विपक्ष में बैठकर सिर्फ नारेबाजी और मार्च निकालना काफी नहीं होता है।

उन्होंने आगे कहा- हमें लोगों की समस्याओं का समाधान करने और समावेशी राजनीति करने के लिए हैं। कुछ लोग एनडीए गठबंधन के साथ हाथ मिलाने के हमारे फैसले पर सवाल उठा रहे हैं। जब 2019 में हमने शिवसेना से गठबंधन किया था, तब भी समझौते किए गए थे। दूसरी ओर एनसीपी शरद पवार गुट के कार्यक्रम में सांसद सुप्रिया सुले ने कहा- अजित पवार और मैं हमेशा एक परिवार की तरह साथ रहते हैं। पार्टी विलय के बारे में निर्णय कैमरे पर नहीं, बल्कि टेबल पर बैठकर चर्चा में लिया जाने चाहिए।

लोकसभा चुनाव परिणाम पर चिंतन जरूरी अजित पवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन मनमाफिक नहीं रहा। अब चिंतन और सुधार की जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे स्थानीय निकाय चुनावों के लिए तैयार रहें।

## इंदौर में राजा के घर पहुंचा सोनम का भाई, माफी मांगते हुए बोला-उसे फांसी हो

**इंदौर।** राजा हत्याकांड से हर कोई स्तब्ध है। सोनम रघुवंशी को हत्या का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। दोनों परिवार सदमें में हैं। बुधवार को गाजीपुर से इंदौर लौटने के बाद सोनम रघुवंशी का भाई गोविंद राजा के केट रोड स्थित निवास पर मिलने पहुंचा। उसने राजा की मां के पैर छुए और रोने लगा।

इंदौर में बुधवार को भावुक कर देने वाला दृश्य दिखा, जब सोनम रघुवंशी का भाई गोविंद अचानक उसके जीजा राजा के घर पहुंच गया। घर में घुसने से पहले ही उसकी आंखों में आंसू थे। घर में दाखिल होते ही वह फूट-फूटकर रोने लगा। राजा की मां भी उसे देखकर रोने लगी। उसने पहले



तो राजा की मां के पैर छुए और माफी मांगी। उसे सोनम की हरकत पर रोते-रोते माफी मांगी। उसने यहां तक कहा कि सोनम को फांसी होना चाहिए। राजा की मां भी रो रही थी। उसने रोते हुए कहा आखिरी दम तक एहसास नहीं हुआ कि वो ऐसा करेगी। वो इतना बड़ा कदम उठा लेगी। उसके मन में कुछ था तो बता देती भैया। ऐसा मालूम होता तो हम शादी क्यों करते। राजा की मां ने कहा- बहुत बड़ी गलती हो गई। मैंने उसे बेटी जैसा समझा था, उसने इतना बड़ा कदम उठा लिया इस पर सोनम के भाई गोविंद ने कहा कि मम्मी मैं खुद जाऊंगा उसकी पेशी करने, सब चीजें मैं खुद करूंगा आपको कुछ नहीं करना है, मैं सजा दिलवाऊंगा।

सोनम के भाई गोविंद ने मीडिया को बताया कि मैंने माफी मांग ली है। इस परिवार ने एक बेटे को खोया है। राजा मेरा प्रिय था। आज से इस परिवार की सारी जिम्मेदारी मैं लेता हूं। सोनम दोषी है तो फांसी पर चढ़ाया जाए। गोविंद ने बताया कि गाजीपुर से जब सोनम का फ़ोन आया तो वह फूट फूटकर रो रही थी और घबराई हुई थी। मैं सत्य के साथ हूं। इंसाफ के लिए वकील भी मेरी तरफ से रहेगा। हमें पता होता तो कहानी यहां तक नहीं पहुंचती। जितेंद्र रघुवंशी हमारा कर्मचारी है, मौसी का लड़का भी है। उसका हवाला कारोबार से लेना देना नहीं है। सोनम रघुवंशी के भाई गोविंद ने कहा, सोनम ने खुद को दोषी नहीं माना है। उससे कोई संपर्क नहीं हुआ है... हमने उससे सभी संबंध तोड़ लिए हैं। हम राजा रघुवंशी की ओर से लड़ेंगे।

सोनम के भाई गोविंद से मुलाकात के बाद, राजा रघुवंशी की मां उमा रघुवंशी ने कहा, मैंने गोविंद से पूछा कि क्या वह सोनम से मिला था। उसने कहा कि वह उससे तीन मिनट के लिए मिला था। मैंने उससे पूछा कि उसे मारा क्यों नहीं? उसने कहा कि उसे मौका नहीं मिला क्योंकि वहां मीडिया और पुलिस थी। गोविंद ने कहा कि सोनम को फांसी पर लटका देना चाहिए। उसे राजा के लिए दुख है, सोनम के लिए नहीं... गोविंद की कोई गलती नहीं है।

# बस स्टैंड बैढ़न का यात्री प्रतिक्षालय भवन जर्जर

## आये दिन गिरता रहता है सिलिंग का मलवा , बस स्टैंड के यात्री प्रतिक्षालय में साफ-सफाई का अभाव, मुसाफिर गंदगी करने में आगे



**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय बैढ़न के अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के यात्री प्रतिक्षालय जर्जर हालत में पहुंच रहा है। छत के सिलिंग का मलवा आये दिन गिरने से मुसाफिर डरे सहमे रहते हैं। वही यात्री प्रतिक्षालय के कई मुसाफिरों के बदौलत भी दुर्दशा की शिकार हो रहा है।

दरअसल अंतर्राज्यीय बस स्टैंड बैढ़न में समस्याएं एक नही अनेको बताई जा रही हैं। एक ओर जहां बस स्टैंड का यात्री प्रतिक्षालय जर्जर हालत में पहुंच रहा है। छत के सिलिंग का मलवा आये दिन गिरता रहता है। जिसके चलते यात्री प्रतिक्षालय में आने वाले मुसाफिर काफी डरे नजर आते हैं। उन्हें इस बात का डर लगा रहता है कि किसी भी वक्त छत के सिलिंग का मलवा भरभरा कर गिर सकता है। पूर्व में इस तरह के कई बार घटनाएं घटित हुई है। जिसके चलते मुसाफिरों के साथ-साथ बसों के चालक, परिचालक व खलासी भी ज्यादा समय यात्री प्रतिक्षालय में नही गुजारते है। उन्हें भी हमेशा सिलिंग के मलवा गिरने का डर सताता रहता है। यात्री प्रतिक्षालय परिसर में फुटपाथी दुकानदार बताते हैं कि यात्री प्रतिक्षालय भवन काफी पुराना है। इसीलिए सिलिंग का मलवा आये दिन गिरता रहता है। इसके बारे में नगर निगम के अधिकारियों को भी कई बार अवगत कराया गया। जिसके चलते फुटपाथी दुकानदार भी अपने आप को महफूज नही समझते। यहां और किसी बात का डर नही है, सिर्फ सिलिंग का मलवा कब गिर जाये, इसी बात से लोग सशंकित रहते हैं। वही बस स्टैंड में फुटपाथी दुकानदारों का भी कब्जा के साथ-साथ दखल भी रहता है। यहां तक कि वेटिंग चेयर पर भी कुछ कारोबारी कब्जा किये रहते हैं। हालांकि बीच-बीच में नगर निगम के अधिकारी आकर कारोबारियों को हिदायत भी देते रहते हैं, लेकिन उनके जाने के बाद फिर से वही स्थिति निर्मित हो जाती है। यह समस्या सिर्फ एक दिन की नही है, आये दिन बनी रहती है। अंतर्राज्यीय बस स्टैंड यात्री प्रतिक्षालय फुटपाथी कारोबारियों से कब मुक्त होगा, इसपर कुछ कह पाना मुश्किल है। फिलहाल अंतर्राज्यीय बस स्टैंड बैढ़न के यात्री प्रतिक्षालय के सिलिंग का मरम्मत कब होगा और यहां की व्यवस्थाएं कब सुधरेंगी। इसको लेकर यात्री बसों के चालक, परिचालक एवं खलासी भी चर्चाएं करने लगे।

## फांसी पर झूल कर बस चालक ने दी जान



**सिंगरौली।** बीते दिन मंगलवार की रात गोरबी चौकी क्षेत्रांर्गत एनसीएल कॉलोनी गोरबी पानी फिल्टर के पास बस चालक की फांसी पर झूलने से मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर गोरबी पुलिस पहुंचकर मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज परिजनो को सूचित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते दिन मंगलवार को करीब 10:30 बजे रात से बुधवार की सुबह 5:30 के बीच बस क्रमांक यूपी 64 बीटी 1901 का चालक गंगेश्वर प्रसाद यादव पिता बालाकृष्ण यादव उम्र करीब 50 वर्ष निवासी पड़री थाना म्योरपुर जिला सोनभद्र हाल पता गोरबी थाना मोरवा ने अज्ञात कारणों से एनसीएल कॉलोनी गोरबी पानी फिल्टर के पास खड़ी बस के केरियर में फंदा डालकर आत्म हत्या कर ली है। गोरबी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गोपद नदी से रेत की चोरी कर रहे चार ट्रैक्टर धराए

## आधी रात को निगरी चौकी पुलिस ने दबिश देकर की कार्यवाही



**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी निगरी अंतर्गत बेलगांव गांव के गोपद नदी से अवैध तरीके से रेत परिवहन कर रहे चार ट्रैक्टरों को मंगलवार एवं बुधवार की मध्य रात पुलिस ने दियाडोल मुख्य मार्ग में दबोचकर कब्जे में ले लिया। वही पुलिस ने चारो ट्रैक्टर व चालक के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस के इस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिरों के जरिये सूचना मिली कि ग्राम बेलगांव गोपद नदी से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। इसकी सूचना मिलते ही मंगलवार एवं बुधवार की दरम्यानी रात पुलिस टीम ने दियाडोल मुख्य मार्ग में पहुंच घेराबंदी करते हुये चारों ट्रैक्टरों को अवैध रेत के साथ दबोच कर चालकों से टीपी के बारे में जानकारी हासिल की है। लेकिन मौके पर ट्रैक्टर वाहन के चालकों के द्वारा कोई दस्तावेज मुहैया नही कराया गया। जिसके चलते पुलिस ने उक्त ट्रैक्टरों को जप्त कर आरोपी चालको एवं संबंधित वाहन स्वामियों के विरूद्ध धारा 303(2),317(5) बीएनएस के तहत फूलचंद साकेत पिता नारायण साकेत निवासी निगरी, धीरेन्द्र साहू पिता स्व. रामकुशल साहू, रामजी साहू पिता मिठाईलाल साहू व अयोध्या प्रसाद साहू पिता स्वा. रामदयाल साहू चारों निवासी निगरी पर वैधानिक कार्यवाही की गई है। अवैध रेत के साथ जप्त ट्रैक्टरों के में वाहन क्रमांक एमपी 66 ए 5809 के अलावा तीन अन्य ट्रैक्टर बिना नम्बर के थे। जप्त रेता व ट्रैक्टर वाहन की कुल कीमत 22 लाख रूपये है। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी उनि भिपेन्द्र पाठक, सउनि सुर्जन सिंह, प्रआर बीडी सिंह, आर नीरज सिंह, रूद्रप्रताप सिंह, रामानुज सेन, कुंवारेलाल वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विंध्याचल में प्रतिभागियों के लिए जादू शो का हुआ आयोजन




**सिंगरौली।** बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत एनटीपीसी विंध्याचल में बीते दिन मंगलवार को एक मनोरंजक जादू शो का आयोजन किया गया।

इस आयोजन ने प्रतिभागियों के चेहरे पर मुस्कान और दिलों में हैरानी की लहर दौड़ा दी। प्रसिद्ध जादूगर योगेन्द्र योगी के मंत्रमुग्ध कर देने वाले करतबों ने बच्चियों और उपस्थित शिक्षकों को पूरी तरह से मोहित कर दिया। कार्यक्रम के दौरान हॉल तालियों की गूंज, हँसी और आश्चर्य के स्वर से गूंजता रहा। इंटरैक्टिव और चौंकाने वाले जादुई प्रदर्शन ने प्रतिभागियों को पढ़ाई से अलग एक अनोखा अनुभव प्रदान किया, जिससे उनका मनोबल और आत्मविश्वास दोनों बढ़ा। इस प्रकार की रचनात्मक एवं आनंददायक गतिविधियों के माध्यम से एनटीपीसी विंध्याचल न केवल जेम प्रतिभागियों को ज्ञान एवं कौशल से सशक्त बना रहा है, बल्कि उन्हें प्रेरणादायक और अविस्मरणीय अनुभव भी प्रदान कर रहा है, जो उनके सशक्तिकरण की यात्रा में उत्साह का संचार करते हैं।

## मुख्यमंत्री का सरई प्रस्तावित आगमन को लेकर तैयारियां शुरू

**सिंगरौली।** म.प्र. शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक दिवसीय प्रवास पर जिले के तहसील मुख्यालय सरई में आगमन हो रहा है। जहां शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई में विशाल आमसभा आयोजित होगी। सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरा को लेकर आज देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, एसपी के साथ-साथ एसडीओपी एवं तहसीलदार चन्द्रशेखर मिश्रा समेत स्थानीय अन्य अधिकारी-कर्मचारी के अलावा भाजपा के नेता कार्यक्रम स्थल पहुंच तैयारियों का जायजा लिया।

# एनटीपीसी विंध्याचल में बालिकाओं को मिला आत्मरक्षा, अधिकार और आत्मसम्मान का पाठ



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल में संचालित बालिका सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत आज दिन बुधवार 11 जून को एक विशेष कानूनी जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र बालिकाओं को आत्मरक्षा, कानूनों की जानकारी और आत्मसम्मान के महत्व से अवगत कराने के लिए आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव मनोरम तिवारी एवं बाल संरक्षण अधिकारी नीरज शर्मा प्रेरक वक्ता के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, ना कहने का अधिकार और अनुचित व्यवहार की रिपोर्टिंग जैसे संवेदनशील विषयों पर खुलकर बातचीत के माध्यम से जागरूक किया। बालिकाओं ने सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अनेक प्रश्न पूछे। वक्ताओं ने सरल भाषा में न्याय प्रणाली की कार्यप्रणाली, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया और बच्चों के कानूनी अधिकारों की रक्षा के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी दी। कार्यक्रम में एनटीपीसी विंध्याचल से प्रणव वर्मा अपर महाप्रबंधक, माहताब आलम उप महाप्रबंधक, अजय मीणा, वरिष्ठ प्रबन्धक और निखिल जायसवाल कार्यपालक सहित अन्य मौजूद रहे।

# जेम की बालिकाओं को सिखाया आत्म सुरक्षा व स्वस्थ जीवनशैली का मंत्र



**सिंगरौली।** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा बालिका सशक्तीकरण के अंतर्गत बीते मंगलवार 10 जून की शाम एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय कर्मचारी विकास केंद्र के सरस्वती सभागार में किया गया।

इस अवसर पर जेम की बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, गुड एंड बैड हैबिट्स एवं स्वस्थ पोषण आहार योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत जेम की बालिकाओं द्वारा एनटीपीसी के संजीवनी चिकित्सालय की डॉ. दिव्या कसाल अपर महाप्रबंधक एवं डॉ. जूरी दत्ता को पौध भेंट कर की गई। इसके पश्चात डॉ. दिव्या कसाल ने गुड टच और बैड टच की विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिससे बालिकाएं आत्म-सुरक्षा और भावनात्मक समझ के प्रति जागरूकता हुई। वहीं डॉ. जूरी दत्ता ने गुड एंड बैड हैबिट्स और संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बालिकाओं को स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले में आयोजित किए जा रहे कृषि शिविर

**शहडोल।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले में कृषि विभाग तथा सहयोगी विभागों कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी तथा मत्स्यपालन विभाग के अमले द्वारा जिले के जनपद पंचायत जयसिंनगर के विभिन्न ग्रामों में कृषि शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 12 जून 2025 को ब्यौहारी जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ दीपक चौहान, डॉ. अल्पना शर्मा एवं डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्राम चचाई, बोड्डिहा, निपनिया, बाणसागर,पसगढ़ी, पपौंध, भन्नी, पपरेड़ी तथ सरसी में कृषि शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## ब्यौहारी जनपद पंचायतों के विभिन्न ग्रामों में कृषि शिविरों का किया गया आयोजन

**शहडोल।** खरीफ फसल के पूर्व किसानों को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत नवीन एवं उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देने हेतु जिले में 29 मई से 12 जून तक कृषि शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ब्यौहारी जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ दीपक चौहान, डॉ. अल्पना शर्मा एवं डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्राम बुड़वा, सरवाही, नौढ़िया, समान, देवरांव, खेरहा, जनकपुर, खरपा एवं तिखवा में कृषि शिविरो का आयोजन कर कृषि संबंधी जानकारी दी गई। तथा किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिवर में किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह दी गई।

# युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 17 जून को

**सिंगरौली**

जिले के बेरोजगार युवा युवातियों को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य युवा संगम स्वरोजगार, रोजगार, अप्रैंटिसशिप मेले का आयोजन कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, रोजगार कार्यालय सिंगरौली, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग एवं आईटीआई सिंगरौली के संयुक्त्त तत्वाधान से रोजगार मेले का आयोजन 17 जून को प्रातः 11 बजे से रोजगार कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर सिंगरौली में किया जा रहा है। रोजगार मेले में भाग लेने वाली कम्पनिया रिलायंस शासन पावर लिमिटेड, रिलायंस कोल माईन्स मुहेर, हिन्डालको इंडस्ट्रीज बरगवां, इंडस इंस्टिट्यूट ऑफ स्कील मैनेजमेंट, त्रिमूला इडस्ट्रीज गोरबी, टाटा एआई लाईफ, बैढ़न, आर सेटी बैढ़न, यशस्वी गुरुप, आर्या वेंचर प्राईवेट लिमिटेड सहित अन्य कम्पनियो द्वारा योग्यता अनुसार रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जायेगा। अभ्यर्थियो की शैक्षणिक योग्यता 5वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, पॉलीटेक्निक, बी-टेक, स्नातक, पोस्ट ग्रेजुएसन एवं अन्य आयु सीमा 18 से 36 वर्ष, वेतनमान कम्पनी के नियमानुसार, अभ्यर्थियो अपने बायोडाटा के साथ 17 जून को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में भाग लेकर रोजगार का अवसर प्राप्त कर सकते है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

क्र. 190 /निर्माण/न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025 — रीवा, दिनाँक 10/6/25

**अनाधिकृत कालोनी विकास के संबंध में सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा द्वारा अनाधिकृत रूप से नियमित की जा रही अवैध कालोनियों के विरूद्ध म.प्र. नगर पालिका(कालोनी विवकास) नियम 2021 में वर्णित प्रावधान कण्डिका 22 के तहत अवैध कालोनी निर्माणकर्ता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है। अतः निम्न अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनियों में क्रय किये भूखण्ड, कोई अन्तरण हेतु किसी भी प्रकार का करार नामा शून्य होगा। निम्न भूखण्डों में कोई क्रय/विक्रय किया जाना दण्डनीय अपराध माना जावेगा।

| क्र. | वार्ड क्र./मोहल्ला | अवैध कालोनाइजर का नाम/पता | ग्राम/पटवारी/तहसील/हल्का | आराजी नं. | कुल रकवा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5,ढेकहा | 1. श्री शारदा प्रसाद जयसवाल पिता रामदास जयसवाल 2. श्री दुर्गा प्रसाद पिता रामदास जयसवाल 3. श्री रमाशंकर पिता रामदास जयसवाल 4. श्री उमाशंकर पिता रामदास जयसवाल 5. श्री हरिशंकर पिता रामदास जयसवाल | रीवा/हुजूर नगर | खसरा क्रमांक 86/3/1/1/1/1 (S) जुज रकवा 1.4310 हे. भूमि श्री शारदा प्रसाद जयसवाल पिता, रामदास जयसवाल, वगैरह | 1.4310 हे. |

उपरोक्तानुसार सर्व साधारण एवं भूमि स्वामी अवगत होकर सूचित हों।

जोनल अधिकारी/कार्यपालन यंत्री
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-सीधी (म0प्र0)**
Email-modgmsid@mp.gov.in

क्रमांक /243 /खनिज/2025 — सीधी, दिनांक 09 /06/2025

// द्वितीय सूचना //

" म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) "

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री टीकम प्रसाद साहू, पिता श्री कामता प्रसाद साहू निवासी, ग्राम-गोपालपुर , पोस्ट-कंधवार, तहसील रामपुर नैकिन द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन 29.07.2024 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना दिनांक 07.04.2024 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः दिनांक 14.06.2025 से 28.06.2025 तक यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanijmp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | ख.क्र. | रकबा | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीधी | रामपुर नैकिन | रामपुर | 245,246 | 29.978 | शासकीय | मुरुम | - |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जायेगा।

जी-14209/25

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला सीधी (म.प्र.)

# मोदी सरकार की रिफॉर्म, परफार्म और ट्रांसफार्म की अवधारणा को चरितार्थ कर, भारत बना विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था : क्रांति देव

## मोदी की सरकार में विकास के साथ विरासत भी और भारत होता आत्मनिर्भर : सांसद

**सीधी ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प से सिद्धि के गौरवशाली 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में आयोजित पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कांति देव सिंह ने भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित और लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा की विशिष्ट उपस्थिति में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जन-आधारित और पारदर्शी शासन की प्रतीक है, जिसने बीते 11 वर्षों में आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी है। इसी कारण हम 'विकसित भारत' और 'अमृतकाल' को जमीन पुर उतरते हुए देख रहे हैं। पत्रकार वार्ता में जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, कार्यक्रम के जिला प्रभारी डॉ देवेंद्र त्रिपाठी, जिला सह मीडिया प्रभारी डॉक्टर मनीला सिंह चौहान, सोशल मीडिया जिला संयोजक जितेंद्र तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुख्य वक्ता क्रांति देव सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने गरीब और जन कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार रिफॉर्म, परफार्म और ट्रांसफार्म की अवधारणा को चरितार्थ कर रही है। वर्ष 2014 से पहले देश तुष्टिकरण और विभाजन की राजनीति में डूबा था, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में अब पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस की संस्कृति स्थापित हुई है। अब न्यू नॉर्मल, न्यू ऑर्डर बन चुका है। आज देश की जनता भी कह रही है कि मोदी हैं तो मुमकिन है। आम आदमी की सोच बन गई है कि मोदी जी समस्याओं का समाधान करेंगे। प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्रहित में अनुच्छेद 370 को हटाना, तीन तलाक को खत्म करना, नया वक्फ कानून और सीएए लागू करना तथा विधायी निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण जैसे साहसिक और ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति में अब निर्णायकता और आक्रामकता एक 'न्यू नॉर्मल' बन गई है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक छवि को दुनिया भर में स्थापित किया है। पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने एससी-एसटी-ओबीसी समेत समाज के सभी वर्गों के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। महिलाओं को नेतृत्व में लाने के लिए उन्हें सेना, शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार के हर क्षेत्र में अवसर दिए गए हैं। देश नक्सलवाद के खात्मे की ओर बहुत तेजी से बढ़ रहा है। केंद्र सरकार ने एससी-एसटी-ओबीसी समेत समाज के सभी वर्गों के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है।




भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी कीसरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प के साथ अनुच्छेद-370 को हटाकर असंभव दिखने वाले काम को संभव कर दिखाया। हमारी सरकार हमेशा ही साहसिक और ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। नया वक्फ कानून और सीएए लागू करना तथा विधायी निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। बीते 11 वर्षों में मोदी सरकार ने हर चुनौती का निर्णायक जवाब दिया और चुनौतियों को अवसर में बदलने का कार्य किया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने गरीबी हटाओ को नारा दिया दिया था, लेकिन गरीबी को हटाने के लिए कोई कार्य नहीं किया। प्रधानमंत्री जी ने गरीबी हटाने को मिशन के रूप में लिया भारत में पिछले 11 वर्षों में 27 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर आए हैं। पहले की सरकार केंद्र से गरीबों के लिए एक रूपए भेजती थी तो गरीबों तक 15 पैसे ही पहुंचते थे, यह बात कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने ही कहा था। प्रधानमंत्री जी ने डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर योजना के जरिए 3.9 लाख करोड़ रूपए के लीकेज को रोका। आज केंद्र सरकार गरीबों के लिए एक रूपए भेजती है तो हितग्राहियों को पूरे 100 पैसे मिल रहे हैं। राज्यों के टैक्स कलेक्शन में 283 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। श्री मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार हमेशा ही साहसिक और ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, नया वक्फ कानून और सीएए लागू करना तथा विधायी निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण इसके उदाहरण हैं। देश में 126 नक्सल प्रभावित जिले थे, जो अब घटकर 18 रह गए हैं। हिंसा में 53 प्रतिशत, सुरक्षा बलों की हताहत संख्या में 72फीसदी और कुल मृत्यु दर में 70 प्रतिशत की कमी आई है। भारत नक्सलवाद के खात्मे की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है।

मोदी जी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के कार्य स्वर्णिम अच्छरों में लिखा जाएगा

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष कांति देव सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार से ग्रस्त सरकार थी। पिछले 11 वर्षों में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के ऐसे कार्य किए हैं, जिन्हें स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकसित भारत की संकल्पना सशक्त कदम से सिद्धि की ओर तेजी बढ़ रहा है। देश की सुरक्षा सुदृढ़ होने के साथ ही राजनीतिक संस्कृति को बदलकर नया रूप दिया है। वर्ष 2014 से पहले देश तुष्टिकरण की राजनीति में डूबा हुआ था। समाज को विभाजित करना, फूट डालो और राज करो राजनीतिक संस्कृति का प्रमुख हिस्सा बन गया था। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश की राजनीतिक संस्कृति में बदलाव आया है, अब पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस, जवाबदेह और जिम्मेदार सरकार वाली राजनीतिक संस्कृति आई। रिपोर्ट कार्ड की राजनीति संस्कृति शुरू हुई, यानी ऐसी सरकार जो अपने कार्यों का लेखा-जोखा जनता के सामने प्रस्तुत करती है। पिछले 11 वर्षों में जो आर्थिक अनुशासन स्थापित किया गया और साहसिक निर्णय लिए गए, वे सभी जनता को साथ लेकर लिए गए। यह सरकार पिछले 11 वर्षों में पारदर्शिता की एक नई मिसाल बन चुकी है। यह एक पारदर्शी और भविष्यदृष्टि वाली, यानी भविष्यवादी सरकार है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि यह सरकार भविष्य को ध्यान में रखकर, देश को आगे की दिशा में ले जाने की सोच के साथ कार्य कर रही है। इसलिए आज हम विकसित भारत की बात करते हैं। इस अमृत काल और बीते 11 वर्षों ने विकसित भारत की नींव रखी है। इस नींव को मजबूत करने के लिए जो भी आवश्यक निर्णय थे, वे सभी लिए गए हैं। आज के समय में 2014 से पहले की ओर लौटने की जरूरत नहीं है, लेकिन यह याद रखना चाहिए कि 2014 से पूर्व की सरकार भ्रष्टाचार और घोटालों में डूबी हुई थी। उस समय नकारात्मकता का माहौल था, जिसमें कुछ नहीं बदलने वाला की सोच व्याप्त थी। लेकिन 2014 में आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद आशावाद ने जगह बनाई। आज भारत का आम नागरिक कहता है कि मोदी हैं तो मुमकिन है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति यह धारणा बन चुकी है कि वे समस्याओं का समाधान करेंगे। यह आम नागरिक की सोच बन गई है। इसलिए हम कह सकते हैं कि आशावाद के साथ विकास, आविष्कार और नवाचार ये तीनों बातें जुड़ चुकी हैं। आज हम विकास कर रहे हैं, श्रेष्ठ कार्यपद्धतियाँ अपना रहे हैं और नवाचार भी कर रहे हैं, इस प्रकार विकास के कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शब्दों में, विकसित भारत का आधार यही दशक बनेगा। इसी कार्य के अंतर्गत उनके नेतृत्व में दी गई नीतियाँ – प्रदर्शन, परिवर्तन और सुधार, ये तीन बातें हर नीति में स्पष्ट दिखाई देती हैं। हर नीति में कुछ नया नजर आता है। पुरानी नीतियों में जो बदलाव हुए हैं, वे सुधार की आवश्यकता और परिवर्तन की मांग के कारण किए गए हैं और उनके लिए ठोस कार्य भी किए गए हैं। यह मूलभूत सिद्धांत पिछले 11 वर्षों में अपनाया गया है, जो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच पर आधारित है – सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास। अनेक चुनौतियाँ आईं, लेकिन इसके बावजूद हमारा मुख्य सिद्धांत हमेशा स्पष्ट और मजबूत रहा है। जहां अन्य देशों में लॉकडाउन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए और वैक्सीनेशन का विरोध देखा गया, वहीं भारत अकेला ऐसा देश रहा जिसने 220 करोड़ से अधिक डोज़, वह भी डबल डोज़, पूरी तरह नि:शुल्क लगाकर विश्व का सबसे बड़ा और सबसे तेज़ वैक्सीनेशन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किया। यही एक उत्तरदायी और जवाबदेह सरकार की पहचान है, और कोविड के संदर्भ में यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है। पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने समाज के सभी वर्गों की चिंता की है, चाहे वे अनुसूचित जाति के भाई-बहन हों, अन्य पिछड़ा वर्ग हो या हमारे आदिवासी समुदाय के लोग। इनके लिए विशेष नीतियाँ, योजनाएँ और छात्रवृत्तियाँ प्रारंभ की गईं, जो पूरी तरह एससी, एसटी और ओबीसी समाज को समर्पित हैं। महिलाओं के लिए विशेष ध्यान देते हुए 'वीमेन लेड गवर्नमेंट' की भावना को केंद्र में रखा गया और महिलाओं को आगे लाने के लिए ठोस प्रयास किए गए। स्वास्थ्य क्षेत्र में गर्भधारण से लेकर प्रसव तक और उसके बाद टीकाकरण तक सभी चरणों में भारत सरकार की योजनाएं सक्रिय रही हैं। मैटरनिटी लीव को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह करना, वह भी वेतन सहित, एक बड़ा और संवेदनशील कदम रहा।

इसी प्रकार प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान कर महिलाओं को सशक्त किया गया। जब चंद्रयान की तस्वीरें सामने आईं, तो उसमें सबसे अधिक महिला वैज्ञानिक दिखाई दीं। आज महिलाएं पायलट से लेकर सेना में स्थायी कमीशन प्राप्त कर रही हैं। एनडीए में भी अब लड़कियों की भर्ती हो रही है और वे पास आउट भी हो रही हैं।

# ग्रामीणजन निभा रहे जल संरक्षण में अहम भूमिका : सांसद



**सीधी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के विकासखंड सीधी के शिवपुरवा ग्राम पंचायत के अंतर्गत हीरा तालाब जीर्णोद्धार में सांसद डॉ राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के शासी निकाय सदस्य कृष्णकांत द्विवेदी की उपस्थिति में श्रमदान, कलश यात्रा एवं संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि जल प्रकृति की बहुमूल्य देन है। जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। जल है तभी जीवन है। जल ही जीवन का आधार है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का कार्य किया गया है। इस अभियान से लोगों मे जल के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है। सांसद ने कहा कि जल संरक्षण के कार्यों को करने के साथ-साथ अपने आसपास अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने का कार्य भी करें। प्रधानमंत्री जी ने सभी से एक पेड़ मां के नाम अभियान में सहभागिता की अपील की है। इन अभियानों में सच्चे मन से सहभागिता ही भावी पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित करेगी और यही सच्चे अर्थों में एक नागरिक के रूप में हमारा देश के प्रति कर्तव्य भी है।

जिला समन्वयक जन अभियान परिषद शिवदत्त उर्मलिया ने बताया कि मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के मंशा अनुरूप जल की बूंद-बूंद को सहेज कर संरक्षित करना एवं सतही पानी व जमीन के अंदर के पानी को संतुलित करते हुए उपयोग करना इस उद्देश्य को लेकर विगत 3 महीने से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज के मार्गदर्शन में निरंतर कार्य करता चला आ रहा है।

# सांसद ने सोन घड़ियाल अभयारण्य के जोगदहा घाट का किया भ्रमण

## घड़ियाल संरक्षण के लिये संजय टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा किये जा रहे प्रयासों की जानकारी प्राप्त की

**सीधी।** सीधी सांसद डॉ राजेश मिश्रा द्वारा बुधवार को सोन घड़ियाल अभयारण्य के जोगदहा घाट का भ्रमण किया गया। घाट में अठखेलियॉ कर रहे घड़ियाल के नवजात बच्चों को देखकर सांसद द्वारा अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की गई। बच्चों के अतिरिक्त सात मादा एवं एक नर घड़ियाल तथा दो मगर भी दिखे। क्षेत्र संचालक संजय टाइगर रिजर्व सीधी अमित कुमार दुबे ने घड़ियाल संरक्षण की चुनौतियों तथा प्रबंधन द्वारा घड़ियाल संरक्षण हेतु किये जा रहे प्रयासो से सांसद को अवगत कराया। सांसद द्वारा घड़ियाल संरक्षण के लिये संजय टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की गई एवं भविष्य में घड़ियाल संरक्षण के लिये पूर्ण सहयोग हेतु आश्वस्त किया गया।



भ्रमण के दौरान डॉ कैलास तिवारी भी उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2015 में अंतिम दो नर घड़ियालों की मृत्यु के पश्चात अभयारण्य नर घड़ियाल विहीन हो गया था। अभयारण्य में नर घड़ियाल नहीं होने से प्रजनन अवरूद्ध हो गया था। वर्ष 2022 में एक नर घड़ियाल राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य से लाया गया था। वर्ष 2023 में उक्त नर घड़ियाल मानसूनी बाढ़ में बह कर बिहार राज्य पहुंच गया था। प्रबंधन के अथक प्रयासों के बावजूद उसे वापस नहीं लाया जा सका था। दिनांक 14 जनवरी 2025 को 01 नर घड़ियाल चम्बल अभयारण्य से पुन: लाया गया जिसे सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक की उपस्थिति में सोन नदी के जोगदहा घाट में छोड़ा गया था। मादाओं द्वारा माह मार्च 2025 में अण्डे दिये गये थे। इसी कड़ी में दिनांक 21 मई 2025 से 25 मई 2025 के बीच घड़ियालों द्वारा दिये गये अण्डों से 132 बच्चे निकले हैं। प्राकृतिक वातावरण में सामान्यत: दो से तीन प्रतिशत बच्चे ही बच पाते हैं। सांसद द्वारा अधिक बच्चे बचाने की दिशा में आवश्यक उपाय करने हेतु कहा गया। अत्यधिक जैविक दबाव एवं अभयारण्य पर मंडरा रहे अस्तित्व के संकट के बीच स्थानीय जन प्रतिनिधियों के सहयोग, अभयारण्य में कार्यरत अधिकारियों की इच्छा शक्ति, कर्मचारियों के अथक प्रयासों तथा नदी के तटों पर निवासरत समुदायों के सहयोग एवं सहभागिता से वर्तमान में अभयारण्य घड़ियाल, स्कीमर सहित अन्य दुर्लभ जलीय जीव जन्तुओं के लिये प्रजनन के महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में विकसित हो रहा है। सोन घड़ियाल अभयारण्य सीधी का गठन घड़ियाल एवं अन्य जलीय जीवों के संरक्षण के उद्देश्य से मध्य प्रदेश शासन के नोटीफिकेशन क्रमांक 14-47-80-ग-(2) भोपाल दिनांक 23.09.1981 द्वारा सोन, गोपद एवं बनास नदियों में 209.21 किलोमीटर लम्बाई में किया गया है। अभयारण्य की चौड़ाई नदियों के दोनो ओर 200 मीटर तक है। अभयारण्य में वर्ष 2025 में की गई जलीय जीव जन्तुओं एवं पक्षियों की गणना में घड़ियाल-38 मगरमच्छ-74, स्कीमर-41, 49 प्रकार के कुल 4015 पक्षी, तथा कछुये, मछलियों की अनेक प्रजातियॉ, जलीय सर्प एवं अन्य जलीय जीव पाये गये। मध्य प्रदेश में चंबल अभयारण्य के अतिरिक्त सोन घड़ियाल अभयारण्य दूसरा ऐसा अभयारण्य है जिसमें प्राकृतिक पर्यावास में घड़ियाल का प्रजनन हो रहा है। भ्रमण के दौरान सुधीर मिश्रा अधीक्षक सोन घड़ियाल अभयारण्य, मनी राम धुर्वे परिक्षेत्राधिकारी सीधी, जोखीलाल प्रजापति वनरक्षक एवं सोन घड़ियाल अभयारण्य के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली जब्त कर विनिष्टिकरण की कार्यवाही की गई

**सीधी।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने जानकारी देकर बताया है कि बुधवार दिनांक 11.06.2025 को कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी अंशुमन राज के मार्गदर्शन में मत्स्य विभाग की टीम द्वारा कुचवाही बाजार में प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली विक्रय करते पाए जाने पर मत्स्य विक्रेता सोनू ढाबा के संचालक सोनू भुजवा से लगभग 12 किलोग्राम प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली जब्त कर विनिष्टीकरण की कार्यवाही शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र गोरियरा सीधी में की गयी।

मत्स्य विक्रेता को सख्त हिदायत दी गयी कि थाई मांगुर मछली का पालन एवं विक्रय प्रतिबंधित है तथा भविष्य में ऐसा करते पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# खेती को आधुनिक बनाने के लिए उन्नत तकनीक किसानों तक पहुंचाएं : कमिश्नर

## कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की कृषि आदानों की समीक्षा

सीधी। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कृषि आदानों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि आगामी 18 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा रबी फसल की उपलब्धियों तथा खरीफ फसल की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। गत बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन तीन दिवस में प्रस्तुत करें। खेती ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। खेती के बेहतर होने से इसमें सुधार होगा। खेती को आधुनिक बनाने के लिए उन्नत तकनीक किसानों तक पहुंचाएं। खेती के साथ-साथ किसानों को पशुपालन, मुर्गीपालन और मछलीपालन से जोड़कर उन्हें आर्थिक विकास का अवसर दें। इसके लिए फसलवार वर्ष भर की कार्ययोजना तैयार करें। विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों से मिले सुझावों को भी कार्ययोजना में शामिल करें। समन्वित प्रयासों से ही खेती बेहतर होगी। कमिश्नर ने कहा कि शासन द्वारा फसल विविधीकरण पर लगातार जोर दिया जा रहा है। किसानों को आगामी फसल में धान के स्थान पर दलहन और तिलहनी फसलों के लिए प्रेरित करें। इनके रकबे में वृद्धि करने के लिए आवश्यक उपाय करें। दलहन तथा तिलहन फसलों के उन्नत बीज किसानों तक पहुंचाएं। उद्यानिकी फसलों की भी संभाग के सभी जिलों में अच्छी संभावना है। कई किसान सब्जी और फलों की अच्छी खेती कर रहे हैं। अन्य किसानों को भी उद्यानिकी फसलों से जोड़ें। संयुक्त संचालक कृषि सभी जिलों की कृषि विकास की कार्ययोजना तैयार कराएं। कलेक्टर कृषि आदान तथा कृषि संबद्ध विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करें। जिले में खाद की उपलब्धता और वितरण पर भी लगातार निगरानी रखें। बैठक में कमिश्नर ने कृषि उपज मण्डियों की रैंकिंग में सुधार, बीज निगम द्वारा बीजों के प्रमाणीकरण, एफपीओ द्वारा तैयार बीजों के प्रमाणीकरण एवं मोटे अनाजों की खेती के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि आगामी 14 जून को पुनरू संभागीय समीक्षा बैठक में एपीसी बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की जिलेवार समीक्षा की जाएगी। सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, उपसंचालक कृषि संजय श्रीवास्तव तथा कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी बैठक में शामिल रहे।



**कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व.**
शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला-सीधी, 486661, (मध्य प्रदेश)
फोन नम्बर-7822297542
E.mail. fdsajnp.sdh@mp.gov.in, fdsanjay_tr@rediffmail.com , website. www.sanjaytigerreserve.in

क्र./ई-निविदा/2025/ 3710 सीधी दिनांक 10/06/2025

-: ई-निविदा सूचना :-

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व, सीधी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में लाईन क्वाटर निर्माण कार्य क्षेत्र संचालक कैम्पस में 01 नग के लिये शासकीय कार्यो हेतु पंजीकृत संविदाकारों से वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत् ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | मात्रा | लागत राशि | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लाईन क्वाटर निर्माण कार्य क्षेत्र संचालक कैम्पस सीधी | 01 नग | 4800000.00 | 300000.00 |

इस निविदा के लिये दिनांक 10.06.2025 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे है। टेण्डर की विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in/ के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 17.06.2025 समय शाम 3.00 तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 18.06.2025 को दोपहर 3.00 बजे रहेगी। उक्त निविदा वन विभाग की ऑफिशियल वेबसाईट https://mpforest.gov.in/ पर भी देखी जा सकेगी।

जी-14174/25

उप संचालक
संजय टाईगर रिजर्व, सीधी

## संपादकीय

### 'मां' का खौफनाक सौदा

महत्वाकांक्षा की भूख के आगे कई बार नैतिकता इस कदर हार जाती है कि व्यक्ति अपराध करने से भी नहीं हिचकता। मगर इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है कि इस तरह की प्रवृत्ति का शिकार कोई व्यक्ति अपने मासूम बच्चे को भी दांव पर लगा दे। उत्तराखंड के हरिद्वार में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी एक महिला नेता ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ जो किया, उसकी कल्पना करना भी किसी संवेदनशील इंसान के लिए मुश्किल है। आरोप के मुताबिक, महिला ने अपनी ही मासूम बेटी को अपने प्रेमी और उसके दोस्तों के हवाले कर दिया। उसके बाद बच्ची से सामूहिक बलात्कार किया गया। यह आरोप अपने आप में इस प्रकृति का है कि एकबारगी इस पर विश्वास करना मुश्किल हो सकता है। मगर पुलिस ने इस संबंध में जो बताया, उसके बाद यह सवाल बहुत सारे लोगों के सामने खड़ा है कि महत्त्वाकांक्षा की हद आखिर क्या हो सकती है और उसके दुश्चक्र में फंसी कोई महिला ऐसी हरकत कैसे कर सकती है। आरोप सामने आने के बाद पार्टी ने महिला नेता को पार्टी से निष्कासित कर दिया है, लेकिन इस मामले से यही साफ होता है कि चिंताजनक रूप से राजनीति में अब कुछ ऐसे लोग अपने पांव जमा रहे हैं, जिनका आचरण मर्यादा के विरुद्ध है और जिनके भीतर नैतिकता के लिए जगह नहीं दिखती। पिछले दिनों सामने आई कुछ घटनाओं ने राजनीति पर गहरा प्रभाव डाला है और समाज के सामने एक बड़ा प्रश्नचिह्न भी खड़ा किया है। हरिद्वार की घटना से मां-बेटी के गरिमामय संबंधों को भी ठेस पहुंची है। कल्पना की जा सकती है कि पीड़ित बच्ची के भीतर अपनी मां को लेकर कैसी छवि बनेगी। उसके भीतर भरोसे को लेकर जो संकट पैदा होगा, उसके बारे में सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। बलात्कार जैसा अपराध किसी भी महिला के मानस को बुरी तरह प्रभावित करता है। मगर खासतौर पर कम उम्र के बच्चों के खिलाफ यौन उत्पीड़न जैसे जघन्य अपराध उनके कोमल मन-मस्तिष्क पर दीर्घकालिक रूप से घातक असर डालते हैं।

**सदैव लोककल्याणकारी देवाधिदेव महादेव के दरबार में एक रुद्र का मतलब ग्यारह होता है। सनातन धर्म में यह बेहद कल्याणकारी अंक समझा जाता है। इस नजरिए से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजनीतिक क्लोन भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी शासन के छठवीं पारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निरंतरता के 11 वर्ष पूरे होने पर देशवासियों यानी हर हिंदुस्तानी को गर्व तो होना ही चाहिए। क्योंकि इसी वर्ष पाकिस्तान द्वारा प्रोत्साहित और चीन-अमेरिका द्वारा उकसाए हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद दी गई जवाबी प्रतिक्रिया में भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी संयुक्त सेनाओं ने जो अपना रौद्र रूप दिखलाया है।**

# मोदी शासन- एक रुद्र बनाम रौद्र रूप, गर्व कीजिए कि हम भारतीय हैं!

(कमलेश पांडे )

आंकड़े बताते हैं कि 1947 में आजादी मिलने के बाद साल 2014 तक यानी लगभग 70 वर्षों में देश महज 2 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी ही बना पाया था। ऐसा इसलिए कि हमारी सरकारें विदेशियों के मुंह पोछते रहने की आत्मघाती नीतियों पर चल रही थीं।

सदैव लोककल्याणकारी देवाधिदेव महादेव के दरबार में एक रुद्र का मतलब ग्यारह होता है। सनातन धर्म में यह बेहद कल्याणकारी अंक समझा जाता है। इस नजरिए से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजनीतिक क्लोन भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी शासन के छठवीं पारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निरंतरता के 11 वर्ष पूरे होने पर देशवासियों यानी हर हिंदुस्तानी को गर्व तो होना ही चाहिए। क्योंकि इसी वर्ष पाकिस्तान द्वारा प्रोत्साहित और चीन-अमेरिका द्वारा उकसाए हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद दी गई जवाबी प्रतिक्रिया में भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी संयुक्त सेनाओं ने जो अपना रौद्र रूप दिखलाया है, वह काबिलेतारीफ है। इसने दुनियावी महाशक्तियों को अपनी हद में रहने अन्यथा दुष्परिणाम झेलने का दो टूक संदेश दिया है।

कहना न होगा कि भारतीयों की यह महानतम उपलब्धि अनायास नहीं है, बल्कि मोदी सरकार की ग्यारह वर्षीय सैन्य साधना का चमत्कार है। यह आरएसएस के शताब्दी वर्ष को और भाजपा को 45 वर्ष पूरे करने की सलामी है, जिसे जनसंघ को विघटित किये जाने के पश्चात एक नया रूप दिया गया था। वैसे तो जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी-दीन दयाल उपाध्याय, पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी-पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी-गृहमंत्री अमित शाह सरीखे सैकड़ों-लाखों संघ पुरुषों के त्याग-बलिदान के बाद यह शुभ दिन देखने को मिल रहा है, इसलिए युगपुरुष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष बधाई के पात्र हैं, क्योंकि उन्होंने जिस शिद्दत से यह महानतम उपलब्धि हासिल की है और विभिन्न उपलब्धियों की जो विश्वयव्यापी श्रृंखला बनाई है, वह अनुकरणीय है। इसके लिए मोहन भागवत जैसे विभिन्न संघ प्रमुखों व उनके लाखों स्वयंसेवकों व भाजपा कार्यकर्ताओं के त्याग व बलिदान को भी नहीं भुलाया जा सकता है।

कहना न होगा कि 'विदेशी एजेंट्स' के तौर पर कार्य करने वाले कतिपय भारतीय राजनेताओं ने जिस भाजपा को सियासी अछूत और साम्प्रदायिक पार्टी करार देने में कोई कोताही नहीं बरती, आज उसी की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियां व सूबाई रणनीति इन राजनेताओं के राजनीतिक अस्तित्व को ही समाप्त करती जा रही हैं। अमेरिका और चीन जैसे अंतरराष्ट्रीय दोगले देशों के साथ चूहे-बिल्ली का खेल खेलते हुए भारत अब दुनिया की बड़ी आर्थिक व सैन्य शक्ति बन गया है। आर्थिक रूप से शक्तिशाली देशों की सूची में भारत जहां वर्ष 2014 में 10वें स्थान पर था, वह अब 2025 में 4थे स्थान पर पहुंच चुका है। हमारी अर्थव्यवस्था अब उछलकर विश्व के चौथे स्थान पर जा पहुंची है।



कहने का तातपर्य यह कि जिस ब्रिटेन ने दुनियाभर पर राज्य किया, वह तो कब का भारत से पिछड़ गया, वहीं अब धनकुबेर जापान को भी भारत ने पछाड़ दिया है और अपनी हठधर्मिता से दुनिया को दो विश्व युद्ध की सौगात देने वाले और तीसरे संभावित विश्वयुद्ध की पृष्ठभूमि तैयार करने वाले जर्मनी को आर्थिक चकमा देकर भारत कब दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बन जायेगा और फिर अमेरिका-चीन से आर्थिक होड़ शुरू कर देगा, इसमें ज्यादा अवधि नहीं बची है! क्या यह देशवासियों के खुश होने का वक्त नहीं है?

आंकड़े बताते हैं कि 1947 में आजादी मिलने के बाद साल 2014 तक यानी लगभग 70 वर्षों में देश महज 2 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी ही बना पाया था। ऐसा इसलिए कि हमारी सरकारें विदेशियों के मुंह पोछते रहने की आत्मघाती नीतियों पर चल रही थीं। वहीं, राष्ट्रवादी सरकार की 4थी से 6 ठी पारी के बीच यानी 11 साल बाद भारतीय अर्थव्यवस्था 4.2 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन चुकी है। अब भारत का तात्कालिक लक्ष्य तीसरे स्थान पर चल रहे जर्मनी को पछाड़कर 2028 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनना है। मतलब साफ है कि एक विकासशील देश से विकसित देश बनने को आतुर भारत का अगला शिकार जर्मनी होगा। तब भारत की अर्थव्यवस्था से आगे सिर्फ चीन और अमेरिका रह जाएंगे, जो हमसे पिछले कई दशकों से मजबूत प्रतिद्वंद्विता करते आए हैं।

ऐसे में हम विगत 11 सालों में मोदी सरकार या एनडीए सरकार पास हुई या फेल, इस विवाद को हम विपक्षी राजनीतिक पार्टियों के लिए छोड़ते हैं। जबकि बाकी काम जनता जानती है और उसके पास जवाब देने के लिए अनेक अवसर हैं। जो असंभव को संभव बनाने का कार्य मोदी सरकार ने किया है, वह हम सबके सामने है। चाहे राम मंदिर निर्माण हो, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति हो और तीन तलाक़ नामक कुप्रथा की समाप्ति, आदि.... ऐसे बड़े काम हैं जो पिछली सरकारें कभी नहीं कर पातीं। उसे छोड़िए, हुआ न हुआ, इसको सरकार और विपक्ष पर छोड़ते हैं।

लेकिन अब हमारी निगाहें 22 साल बाद यानी 2047 के विकसित भारत की ओर लगी हैं। वर्तमान अमृत काल खंड सबको आकर्षित कर रहा है। माना कि वह साल हम लोग और हमारी वर्तमान पीढ़ी नहीं देख पाएगी। या जो सौभाग्यशाली होंगे, वो देख पाएंगे। पर भारत को विकसित राष्ट्र बनते हमारे बच्चे देखेंगे और हम उनकी आंखों से देखेंगे। कहना न होगा कि विगत 11 सालों में भारत की गतिशील अर्थव्यवस्था का रास्ता खुद ही नहीं खुला, बल्कि टीम मोदी प्रशासन की अथक तैयारियों के साथ खोला गया है। यदि एपल, स्टारलिंक और टेस्ला जैसी बड़ी अमेरिकी कंपनियां अमेरिका की बजाय भारत में अपना उद्योग लगाना चाहती हैं तो कोई तो बात हुई होगी इन 11 वर्षों में? जबकि कुछ लोगों ने दंगों-फसादों में ही झुलसते रहने का ही ठेका ले लिया है?

आप गौर कीजिए कि आखिर अब ऐसा कौन-सा मोर्चा बचा हुआ है जिस पर भारत मजबूत न हुआ हो? क्योंकि कोई भी देश मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश तभी बनता है जब वह हर मोर्चे पर मजबूत हुआ हो। यही वजह है कि ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत की मजबूती देखी। भारत के हमलों की मार पाकिस्तान के उस परमाणु भंडार तक पहुंच गई जिसमें अमेरिका और चीन भी अपने अपने परमाणु हथियार रखे हुए हैं। भारत द्वारा 9 आतंकी ठिकाने और 11 एयरबेस उड़ाने की आग जब परमाणु भंडार की तरफ बढ़ी, तो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंफ और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के पसीने भी छूटने लगे। फिर भारत ने आत्मशक्ति से अर्जित आत्मसंयम की मिसाल भी दुनिया के सामने खड़ी कर दी। आप जरा गौर कीजिए, बीते कुछ महीनों-सालों में पाकिस्तान में पनवाड़ी से लेकर मोची तक और सिपाही से लेकर सेनाध्यक्ष मुनीर तक सभी परमाणु हमले की धमकी बार-बार दिया करते थे। लेकिन भारत के ब्रह्मोस की रेंज में जब सरगोधा के बाद किराना हिल्स भी आ गई तब अमेरिका तक किस तरह घबरा गया। चीन किस तरह से अमेरिका की चिरौरी करने लगा। वही आक्रमण था जब पाकिस्तानी सेना ने गिड़गिड़ाते हुए सीजफायर की गुहार भारतीय सेना से लगाई। अच्छा हुआ, वसुधैव कुटुंबकम का पथप्रदर्शक भारत मान गया, लेकिन यदि न मानता तो आज पाकिस्तान का वजूद ही मिट गया होता। उसके बाद चीन अपनी कुटिल चालें चल रहा है। अमेरिका का नेतृत्व पागल की तरह भारत से व्यवहार कर रहा है। लेकिन देखते रहिए, भारत की यह सैन्य शक्ति तथा बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था ही इस महान देश को विकसित राष्ट्र और वैश्विक महाशक्ति बनने के रास्ते पर ले जाएगी।

# संकल्प-सिद्धि के ग्यारह साल

**इस बदलाव की शुरुआत गरीबों के जीवन-स्तर को सुधारने से हुई। आजादी के छह दशकों के बाद भी विशाल संख्या में भारतवासी घर, शौचालय, स्वच्छ पेयजल और स्वास्थ्य सेवा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे। इस दिशा में पहल करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना व स्वच्छ भारत अभियान के तहत करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के घर और शौचालय बनाकर दिए गए। उज्ज्वला योजना के माध्यम से नि:शुल्क गैस कनेक्शन देकर करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई गई।**

(पीयूष गोयल)

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब भारत की बागडोर संभाली, तब देश एक अहम मोड़ पर खड़ा था। एक ऐसा देश, जहां आकांक्षाएं तो थीं, पर उनके पूरे होने की दिशा स्पष्ट न थी। मगर बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जिस दिशा और गति से विकास की यात्रा तय की है, वह आज 'न्यू इंडिया' के रूप में दुनिया के सामने खड़ा है। आज का भारत आत्मविश्वास से भरा, आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर और वैश्विक मंचों पर अपनी स्पष्ट आवाज रखने वाला राष्ट्र है।

इस बदलाव की शुरुआत गरीबों के जीवन-स्तर को सुधारने से हुई। आजादी के छह दशकों के बाद भी विशाल संख्या में भारतवासी घर, शौचालय, स्वच्छ पेयजल और स्वास्थ्य सेवा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे। इस दिशा में पहल करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना व स्वच्छ भारत अभियान के तहत करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के घर और शौचालय बनाकर दिए गए। उज्ज्वला योजना के माध्यम से निश्शुल्क गैस कनेक्शन देकर करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई गई, जबकि आयुष्मान भारत जैसी स्वास्थ्य योजना ने गरीबों को पांच लाख रुपये तक की बीमा सुरक्षा देकर उन्हें आर्थिक आपदा से बचाया। हर घर जल अभियान के माध्यम से करोड़ों ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया गया।

ये योजनाएं कागजी नहीं थीं, बल्कि जमीनी हकीकत में तब्दील होकर ये आम जनजीवन को बदल चुकी हैं। जन-धन योजना के माध्यम से आजादी के बाद पहली बार करोड़ों भारतीयों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया, जिससे देश में आर्थिक समावेशन को मजबूती मिली है। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी भारत ने ऐतिहासिक प्रगति की है। जिन गांवों में कभी बिजली और पक्की सड़कें एक सपना हुआ करती थीं, वहां अब सोलर लाइटें जलती हैं। दूर-दराज के गांवों की राष्ट्रीय राजमार्गों से कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जा चुकी है। स्मार्ट सिटी मिशन और मेट्रो परियोजनाओं ने शहरी जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है।

भारत की यह विकास यात्रा डिजिटल रूप से भी क्रांतिकारी रही है। डिजिटल इंडिया अभियान ने देश को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया और यूपीआई ने तो भारत को दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल लेन-देन करने वाला देश बना दिया है। आधार, मोबाइल और जन-धन की 'त्रिमूर्ति' ने 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर' को सहज बनाते हुए भ्रष्टाचार व बिचौलियों की भूमिका लगभग समाप्त कर दी। इसी तरह, महिला सशक्तीकरण मोदी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में रहा। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से लेकर मातृत्व अवकाश में वृद्धि और सुकन्या समृद्धि योजना जैसे कार्यक्रमों ने महिलाओं और बेटियों को सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त किया है। एनडीए और भारतीय सेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन जैसी पहल ने साबित किया है कि सरकार के लिए महिला सशक्तीकरण केवल नारा नहीं, बल्कि नीति और नीयत, दोनों का हिस्सा बन चुका है।

कृषि प्रधान देश होने के बावजूद हमारा कृषि क्षेत्र लंबे समय तक उपेक्षित रहा, मगर बीते एक दशक में कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आए हैं। आज पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से देश के हर छोटे किसान को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता दी जा रही है। फसल बीमा योजना, ई-नाम पोर्टल, माइक्रो सिंचाई योजनाओं और ड्रोन टेक्नोलॉजी के प्रयोग ने कृषि को सिर्फ उपज की दृष्टि से नहीं, बल्कि आय के स्रोत के रूप में मजबूत किया है। शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में भी कई ऐतिहासिक पहल की गईं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक में गुणात्मक परिवर्तन आए हैं। स्किल इंडिया के अंतर्गत लाखों युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे युवा अब नौकरी मांगने वाले नहीं, देने वाले बन रहे हैं।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान जो साहसिक और तेज निर्णय लिए, वे पूरी दुनिया में सराहे गए। स्वदेशी वैक्सीन बनाने और कोविन पोर्टल का सफल संचालन दर्शाता है कि भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, तकनीक व विज्ञान के क्षेत्र में उत्पादक, निर्माता देश भी है। प्रधानमंत्री मोदी की 'लोकल को ग्लोबल' बनाने की दूरदर्शी सोच ने मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से घरेलू उद्योगों एवं नवाचारों को वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा में उतरने की शक्ति दी है। भारत आज तीसरा सबसे बड़ा 'स्टार्टअप इकोसिस्टम' बन चुका है।

एक ओर, जहां आर्थिक और तकनीकी विकास हुआ, वहीं सांस्कृतिक और धार्मिक पुनर्जागरण ने भी समाज में नई चेतना पैदा की है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण काशी-विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक और केदारनाथ पुनर्निर्माण जैसे प्रकल्पों ने सांस्कृतिक आस्था को सम्मान और भव्यता, दोनों दिए हैं। योग दिवस को वैश्विक मान्यता दिलाकर भारत ने पूरी दुनिया को भारतीय दर्शन से जोड़ने का भी कार्य किया है।

## वर्ग पहेली 5759

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | 9 | | |
| 10 | | | 11 | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | |
| ■ | ■ | 15 | ■ | 16 | | | ■ |
| ■ | 17 | | 18 | | ■ | 19 | 20 |
| 21 | | | | ■ | 22 | | |
| ■ | 23 | | ■ | 24 | | ■ | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 15 जुलाई 2011 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने पीएसएलवीसी 17 के जरिए जी सेट-2 ए का यहां से सफल प्रक्षेपण किया (5)
5. महिला, स्त्री, औरत (2)
7. सुपर स्टार सलमान खान की जन्म भूमि मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
8. जिसकी मंद बुद्धि हो (4)
10. कृपा करना, दया करना (4)
12. पुराणानुसार पांचवा लोक जहां से मनुष्य उत्पन्न हो, लोग, जनता (2)
14. आकृति के अनुसार बनाया गया चित्र (2)
16. चंद्रमा, चांद, कौमुदी, चांदनी (4)
19. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट स्थित देश (2)
21. लूट का माल, संतोष की बात (2)
22. रिवाल्वर को अंग्रेजी में यह कहते है (3)
23. पदप्रहार, ठोकर, पदाघात (2)
24. भाई, सहोदर, भ्राता (2)

**ऊपर से नीचे**

1. महोदय, पुरुषों के नाम के पूर्व लगने वाला आदर सूचक शब्द (3)
2. मिष्ठान बनाकर बेचने वाला व्यवसायी (4)
3. रस्म, प्रथा, रीति (3)
4. लकड़ी, भूसा आदि बेचने की दुकान (2)
5. किसी वस्तु, प्राणी आदि का बोधर सूचक शब्द (2)
6. परिपाटी, अनुकुल, प्रथागत (4)
9. अनाज को खाकर खोखला या पोला करने वाला एक छोटा कीड़ा (2)
11. गर्व, घमंड, फख्र (2)
13. दीवार में चोरी करने के लिए बनाया गया छेद (3)
14. यह हंगरी देश की राजधानी है (4)
15. कमर में लपेटकर पहनने वाला एक प्रकार का परिधान (4)
17. 7100 द्वीपों वाले पुंज फिलीपींस की यह राजधानी है (3)
20. रैखिक मापी, फुटा, नपैना, नापी (3)
22. पिता, जनक (संस्कृत) (2)

**वर्ग पहेली 5758 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| द | ला | ई | ला | मा | ■ | अ | ■ |
| स | म | ■ | ला | न | टे | नि | स |
| दि | ■ | ता | रा | ■ | क | ल | मी |
| व | न | रा | ज | ■ | नो | ■ | र |
| सी | न | ■ | प | ह | ला | ■ | ■ |
| य | ■ | ना | त | ■ | जि | ■ | मां |
| ■ | अ | क | रा | ■ | स्ट | डी | ■ |
| त | क्ष | ■ | य | क्ष | ■ | न | ब्ज |

## विकास को मुंह चिढ़ा रही हैं डायन जैसी कुप्रथाएं

(योगेंद्र योगी)

अंधकार के बीच उम्मीद की किरण भी दिखाई देती है। असम की बीरूबाला राभा ने इसी प्रथा के खिलाफ अकेले मोर्चा खोला था। उन्होंने अपना पूरा जीवन डायन प्रथा के खिलाफ संघर्ष में झोंक दिया. उनकी मेहनत रंग लाई और असम में इसके खिलाफ कानून बना।

बिहार में मुजफ्फरपुर के मोतीपुर में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला को डायन होने के आरोप में गांव वालों ने घसीटा, पीटा और मैला पिलाने की कोशिश की। यह घटना अंधविश्वास और डायन प्रथा की वजह से हुई, जो बच्चों की बीमारी का दोष महिला पर मढ़ने के लिए की गई। देश के राज्यों में ऐसी घटनाएं निजी दुश्मनी या संपत्ति हड़पने के लिए आम हैं। मानवता को कलंकित करने वाली ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कानून बना है किन्तु ऐसे कानूनों का भी वही हाल है, जैसा निर्भया बलात्कार कांड के बाद महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानूनों का हुआ है। निर्भया मामले के बाद फांसी तक प्रावधान किया गया, इसके बावजूद देश में ऐसी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इससे जाहिर है कि सिर्फ कानून के बूते महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचारों को नहीं रोका जा सकता। मुजफ्फरपुर की यह वारदात डायन प्रथा की कोई इकलौती घटना नहीं है। झारखंड, बिहार, असम, ओडिशा और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में आज भी डायन के नाम पर महिलाओं को प्रताड़ित किया जाता है। परिवार की सम्पत्ति हड़पने की साजिश में, कभी निजी दुश्मनी में, तो कभी महज बीमारी और अनहोनी के लिए एक बलि का बकरा खोजने के बहाने के रूप में महिलाओं को निशाना बनाया जाता है। क्रूरता के कलंक की यह कथा भारत में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड और ओडिशा सहित कई राज्यों में कानूनी प्रावधानों को ठेंगा दिखाते हुए बेखौफ जारी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2022 के आंकड़े इस अमानवीय सच्चाई की केवल एक झलक दिखाते हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक, 2022 में डायन प्रथा के नाम पर देशभर में 85 हत्याएं दर्ज हुईं। लेकिन जो दर्द पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हो पाता, उसकी संख्या कहीं अधिक है। कई पीड़ित महिलाएं तो कभी पुलिस स्टेशन तक पहुंच ही नहीं पातीं। डर, समाज का दबाव और अक्सर पुलिस की अनदेखी, इस काली गिनती को अधूरा छोड़ देती है। एनसीआरबी के 2014 में आंकड़े के मुताबिक़ झारखंड में 2012 से 2014 के बीच 127 महिलाओं की हत्या डायन बताकर कर दी गई। राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में तत्कालीन गृह राज्यमंत्री एचपी चौधरी ने ये आंकड़े बताए थे। वर्ष 2022 में ऐसे अपराधों में कमी आई है, लेकिन इसे पूरी तरह से खत्म होने में शायद अभी भी दशकों लग जाएं। यह समस्या सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (2021) की रिपोर्ट बताती है कि 2009 से 2019 के बीच विश्व के 60 देशों में करीब 20,000 ऐसी घटनाएं सामने आईं, जहां लोगों को डायन बताकर प्रताड़ित किया गया। एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ओडिशा के 30 जिलों में से 12 जिलों, विशेषकर मयूरभंज, क्योंझर, सुंदरगढ़, मलकानगिरी, गजपति और गंजम- में डायन-शिकार अभी भी अत्यधिक प्रचलित है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज हर काम बहुत ही सावधानी से करने की सलाह है। आपकी सहनशीलता की परीक्षा हो सकती है, इसलिए कार्यस्थल पर संयम और धैर्य बनाए रखें। कई कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं लेकिन आत्मविश्वास से उनका समाधान संभव है। यदि आप नौकरी में हैं तो आपके कार्य की समीक्षा हो सकती है।

### वृष
आज दिन करियर के मामले में लाभ से भरा होगा और दिन प्रफेशनल रूप से व्यस्त रहेगा, लेकिन इसी व्यस्तता में लाभ के कई अवसर भी छिपे हैं।नौकरीपेशा लोगों को अपने बॉस या वरिष्ठों से कोई महत्वपूर्ण सुझाव या तारीफ मिल सकती है। संतान से जुड़ा कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

### मिथुन
आज भाग्य साथ देगा और आपके अंदर कुछ नया करने की इच्छा प्रबल होगी। टेक्नॉलजी और संचार से जुड़े लोगों को विशेष सफलता मिल सकती है। व्यापार में नए प्रयोग लाभकारी सिद्ध होंगे। विद्यार्थियों के लिए यह समय पढ़ाई में पूर्ण एकाग्रता लाने का है।

### कर्क
आज दिन समझदारी से काम करने का है। आपका दिन मानसिक रूप से हल्का असंतुलन वाला हो सकता है। कार्यों में निरंतरता बनाए रखें। आर्थिक रूप से दिन मिलाजुला रहेगा। कुछ प्राप्तियां संभव हैं लेकिन अनचाही खरीदारी से भी नुकसान हो सकता है।

### सिंह
आज आत्मबल और नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होगी, जिसका लाभ ऑफिस या व्यवसाय दोनों जगह मिलेगा। कोई पुरानी योजना साकार रूप ले सकती है जिससे आय में वृद्धि के संकेत हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियां कुछ बढ़ सकती हैं, लेकिन आप कुशलता से उनका निर्वाह करेंगे।

### कन्या
आज लाभ होगा और आपका आपका ध्यान कामकाज में ज्यादा लगेगा और मेहनत का फल भी जल्द मिलेगा। पुरानी योजनाओं को अमल में लाने का समय है। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी और कोई कानूनी मसला भी हल हो सकता है।

### तुला
आज दिन आय और व्यय दोनों दृष्टि से सक्रिय रहेगा। किसी पुराने निवेश से लाभ मिल सकता है लेकिन साथ ही अनियोजित खर्च भी सामने आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ सामंजस्य बनाना आवश्यक होगा। किसी महिला सहयोगी से आपको विशेष सहायता मिल सकती है।

### वृश्चिक
आज दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आपको दिन की शुरुआत में थकान महसूस हो सकती है। लेकिन जैसे-जैसे समय बढ़ेगा ऊर्जा का संचार होगा। कामकाज में किसी पुरानी योजना को कार्यान्वित करना लाभ देगा। यात्रा के योग बन रहे हैं और आपको व्यवसायिक यात्रा पर जाना लाभ देगा।

### धनु
आज लाभ होगा और आपका मन काफी सकारात्मकता से भरा होगा। आपका उत्साह चरम पर रहेगा और आप हर कार्य में सकारात्मक ऊर्जा के साथ जुड़ेंगे। कार्यस्थल पर आपकी सोच और विचारों को महत्व मिलेगा। यदि इंटरव्यू या कोई प्रतियोगिता है तो सफलता के संकेत मजबूत हैं।

### मकर
आज भाग्य साथ देगा। आपको अपने कार्यों में स्पष्टता और संतुलन की आवश्यकता है। दफ्तर या व्यवसाय में कोई व्यक्ति आपके धैर्य की परीक्षा ले सकता है, लेकिन शांत रहकर आप स्थिति को संभाल लेंगे। धन आगमन के संकेत हैं, विशेषकर पुराने उधार या रुके हुए पैसे वापसी के रूप में।

### कुंभ
आज काफी व्यस्त रहेंगे, लेकिन उसी व्यस्तता में सफलता छिपी है। ऑफिस में टीमवर्क का महत्व समझें और साथियों के साथ समन्वय बनाए रखें। कोई नया प्रॉजेक्ट या डील फाइनल हो सकती है जिससे आय बढ़ेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। यात्रा से जुड़ा खर्च हो सकता है।

### मीन
आज करियर के मामले में धन लाभ होगा। आपकी योजनाएं सफल होंगी। कार्यक्षेत्र में पुराने अधूरे कार्यों को पूरा करने का दिन है, अचानक कोई अवसर मिल सकता है। धन के मामलों में दिन खर्चीला हो सकता है, विशेषकर घर से जुड़ी वस्तुओं में। घरवालों के साथ समय बिताना मानसिक शांति देगा।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रियंका गांधी ने वायनाड से चुनाव जीतने में की धांधली? केरल हाईकोर्ट ने जारी किया समन

**कोच्चि, एजेंसी।** केरल हाईकोर्ट ने भारतीय जनता पार्टी की नेता नव्या हरिदास द्वारा दायर एक चुनावी याचिका पर संज्ञान लेते हुए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को समन जारी किया है। 2024 में प्रियंका गांधी ने वायनाड उपचुनाव में नव्या हरिदास को हराकर जीत दर्ज की थी। प्रियंका गांधी के खिलाफ दायर इस याचिका में नवंबर 2024 में हुए उपचुनाव के परिणामों को चुनौती दी गई है। इसमें प्रियंका और उनके परिवार पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। प्रियंका गांधी पर अपने परिवार की संपत्तियों के बारे में जानकारी छिपाने का आरोप लगाया गया है। याचिका के तहत वायनाड उपचुनाव में उनकी जीत को अमान्य घोषित करने की मांग भी की गई है। केरल उच्च न्यायालय के जस्टिस के बाबू ने याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रियंका गांधी को नोटिस जारी किया। याचिका में प्रियंका गांधी पर कथित भ्रष्ट आचरण और उनके पति रॉबर्ट वाड्रा की कई अचल संपत्तियों को छिपाने का आरोप भी लगाया गया है। इसके अलावा याचिका के अनुसार, प्रियंका गांधी ने कथित तौर पर रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष दाखिल अपने हलफनामे में रॉबर्ट वाड्रा के कई निवेशों और चल संपत्तियों का विवरण छिपाया है। फिलहाल कोर्ट ने मामले की सुनवाई को अगस्त 2025 तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रायबरेली से चुनाव जीतने के बाद वायनाड सीट से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद 13 नवंबर को इस सीट के लिए उपचुनाव हुए थे। प्रियंका गांधी वाड्रा ने यह चुनाव 4,10,931 वोटों के अंतर से जीता था। नतीजे आने के बाद दिसंबर में नव्या हरिदास ने वायनाड लोकसभा उपचुनाव में प्रियंका गांधी की जीत को चुनौती देते हुए केरल हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

### गुरुग्राम में रेहड़ी वालों को कानूनी एक्शन की चेतावनी; 40 पर चला बुलडोजर

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में एमजी रोड पर यातायात जाम का कारण बनीं 40 रेहड़ियों को मंगलवार को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। जीएमडीए, नगर निगम और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। रेहड़ी वालों को चेतावनी दी कि दोबारा रेहड़ी लगाई तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। करीब पांच किलोमीटर लंबे इस रोड पर मेट्रो स्टेशन के आसपास रेहड़ियां लगे होने के कारण जाम लगता है। आसपास विकसित रिहायशी सोसाइटियों के लोगों को इससे खासी परेशानी होती है। इसको लेकर जीएमडीए और नगर निगम के पास लंबे समय से शिकायत पहुंच रही थी। जीएमडीए के डीटीपी आरएस बाठ के नेतृत्व में मंगलवार को तोड़फोड़ अभियान शुरू किया गया। तोड़फोड़ दस्ते में जीएमडीए और नगर निगम के करीब 30 अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। मौके पर यातायात पुलिस बल मौजूद रहा। पहली टीम ने एमजी मेट्रो स्टेशन पर हैरिटेज सिटी के समीप से तोड़फोड़ शुरू की, जबकि दूसरी टीम ने इफ्को चौक पर बेवर्ली पार्क से बुलडोजर चलाना शुरू किया। जीएमडीए के डीटीपी आरएस बाठ ने बताया कि एमजी रोड पर इन रेहड़ियों की वजह से यातायात जाम लगता है। पिछले साल भी इस रोड पर तोड़फोड़ की गई थी। दोबारा रेहड़ियां लग गईं। इन्हें जेसीबी से तोड़ा गया है। जीएमडीए के डीटीपी आरएस बाठ ने आगे कहा कि उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ माफियाओं की तरफ से रेहड़ी लगवाई जाती थी। इसकी एवज में किराया वसूल किया जाता है। दोबारा रेहड़ियां नहीं लगने दी जाएंगी। अधिकारी ने दोबारा रेहड़ियां लगाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।

### हिंदू महिला से शादी करने के लिए जेल में नहीं रख सकते, सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम युवक को दी जमानत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में हिंदू लड़की से पहचान छिपाकर शादी करने के आरोपी मुस्लिम युवक को जमानत दे दी है। इस दौरान कोर्ट ने अहम टिप्पणियां की हैं। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि दो वयस्कों के आपसी सहमति से साथ रहने पर सिर्फ इसलिए आपत्ति नहीं जताई जा सकती कि वे अलग-अलग धर्मों के हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान हिंदू महिला से शादी करने के बाद लगभग छह महीने से जेल में बंद मुस्लिम युवक की बेल की मंजूरी दे दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने शख्स द्वारा दायर अपील के बाद अपना फैसला सुनाया। फरवरी 2025 में उत्तराखंड हाईकोर्ट ने शख्स को जमानत देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद उसने सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया था। इससे पहले उसे उत्तराखंड फ्रीडम ऑफ रिलीजन 2018 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 के प्रावधानों के तहत अपनी धार्मिक पहचान छिपाने और हिंदू महिला से धोखे से शादी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अपने आदेश सुप्रीम कोर्ट ने कहा, राज्य को अपीलकर्ता और उसकी पत्नी के साथ रहने परकोई आपत्ति नहीं हो सकती है। वह भी तब जब उनकी शादी उनके माता-पिता और परिवारों की इच्छा के अनुसार हुई है। पीठ ने आगे यह भी कहा कि आगे की कार्यवाही उनके साथ रहने की राह में बाधा नहीं बनेगी। कोर्ट ने इस तथ्य पर जोर डालते हुए कि आरोपी को बेल दी कि वह लगभग छह महीने से जेल में है और आरोप पत्र पहले ही दाखिल किया जा चुका है। कोर्ट को बताया गया कि शादी दोनों परिवारों की पूरी जानकारी और मौजूदगी में हुई थी और सिद्दीकी ने शादी के अगले दिन एक हलफनामा दिया था।

# सोनम रघुवंशी अकेली नहीं, 7 महिलाएं जो आशिक के साथ मिलकर पति को मार चुकीं



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के इंदौर के रहने वाले ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या से सनसनी है। उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी पर ही हत्या कराने के आरोप लग रहे हैं। इसके साथ ही ऐसे कई दिल दहला देने वाली कहानियां फिर चर्चा में हैं, जहां पत्नी ने आशिक की खातिर पति को मौत के घाट उतार दिया। लिस्ट में उत्तर प्रदेश के मेरठ की मुस्कान रस्तोगी समेत कई नाम हैं।

**सोनम रघुवंशी :** राजा और सोनम की शादी इंदौर में 11 मई को हुई थी। इसके बाद दोनों 20 मई को हनीमून मनाने गुवाहाटी के बाद शिलॉन्ग पहुंचे। वहां 23 मई को दोनों लापता हो गए। दोनों की लंबी तलाश के बाद दो जून को एक गहरी खाई से राजा का शव मिला था, वहीं सोनम लापता हो गई थी। लंबे समय तक छानबीन के बाद भी सोनम के ना मिलने पर उस पर ही शक गहरा रहा था। इसी बीच कल सोनम गाजीपुर के एक ढाबे से अचानक सबसे सामने आई। इसके बाद उसे गाजीपुर पुलिस ने अपने पास रखा और बाद में शिलॉन्ग पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। आरोप हैं कि उसने अपने कथित आशिक राज कुशवाह और 3 अन्य लोगों के साथ मिलकर राजा का कत्ल कर दिया। फिलहाल, सभी आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं।

**मुस्कान रस्तोगी :** मेरठ में एक सनसनीखेज वारदात में मुस्कान रस्तोगी नामक महिला ने अपने प्रेमी साहिल शुक्ला की मदद से अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या करके उसके शव के टुकड़े कर दिए और उन्हें एक ड्रम में भरकर छुट्टियां मनाने चली गई। मर्चेंट नेवी में अधिकारी रहे सौरभ राजपूत अपनी पत्नी मुस्कान का जन्मदिन मनाने के लिए लंदन से आए थे। पुलिस के अनुसार, राजपूत को नशीला पदार्थ दिया गया, चाकू मारा गया, उनके शरीर के टुकड़े किए गए और एक ड्रम में डालकर ड्रम को सीमेंट से भर कर बंद कर दिया गया।

**रविता :** मेरठ में ही 27 वर्षीय रविता ने अपने 19 वर्षीय प्रेमी अमरदीप की मदद से अपने पति अमित कश्यप की गला घोंटकर हत्या कर दी। दोनों ने स्वाभाविक मौत बताने के लिए उसके शव के पास एक जहरीला सांप रख दिया। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सच्चाई का पता लग गया।

**जनता :** अप्रैल में राजस्थान के अजमेर जिले में एक युवक की हत्या के आरोप में उसकी पत्नी एवं एक युवक को गिरफ्तार किया गया था। पीटीआई भाषा के अनुसार, जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया था कि नसीराबाद के पास मस्तान चीता का शव मिला तथा जांच के बाद उसकी पत्नी जनता (29) और बशीर खान (29) को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि जनता और बशीर खान एक साल से एक दूसरे के संपर्क में थे तथा कुछ समय पहले वह उसके साथ भाग गई थी, जिसके बाद परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया, (इसी बीच) महिला ने अपने प्रेमी बशीर के साथ मिलकर मस्तान को खत्म करने की साजिश रची। मस्तान को कुछ पैसों की जरूरत थी और पैसे उधार देने के बहाने बशीर ने उसे सोमवार शाम नसीराबाद रोड के पास बुलाया। जब दोनों मिले तो उन्होंने साथ में शराब पी। साजिश के मुताबिक बशीर ने कम शराब पी और मस्तान को ज्यादा शराब पिलाई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मस्तान के नशे में धुत होने पर बशीर ने चाकू से उसका गला रेत दिया लेकिन अधिक नशे में होने के कारण वह (मस्तान) अपना बचाव नहीं कर सका।

**प्रगति यादव :** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के सहार थाना क्षेत्र की यह घटना दिलीप यादव (25) और प्रगति यादव (22) की शादी के बमुश्किल 15 दिन बाद 19 मार्च को हुई। सहार थाना के प्रभारी पंकज मिश्रा ने पीटीआई-भाषा को बताया, घटना वाले दिन 19 मार्च को पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक खेत में घायल अवस्था में पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को इलाज के लिए बिधूना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। 21 मार्च की रात उसकी मौत हो गई थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हत्यारों की पहचान की गई। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान दिलीप यादव की पत्नी प्रगति यादव, उसके प्रेमी अनुराग उर्फ मनोज और रामजी चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिजीत आर. शंकर ने बताया कि प्रगति और उसके प्रेमी अनुराग उर्फ ??मनोज ने मिलकर दिलीप की हत्या की साजिश रची थी। एसपी ने बताया कि आरोपियों ने दिलीप की हत्या के लिए रामजी चौधरी को दो लाख रुपये की सुपारी दी थी। एसपी ने बताया कि चौधरी ने दिलीप को धोखे से बुलाया और मोटरसाइकिल पर बैठा कर खेतों की तरफ ले गया, जहां उसने दिलीप के साथ मारपीट की और गोली मार दी। इसके बाद वह दिलीप को मरा समझकर फरार हो गया। कर्नाटक में ब्यूटी पार्लर संचालक प्रतिमा ने प्रेमी दिलीप के साथ मिलकर बालकृष्ण को मारने की साजिश रची। दोनों ने उसे भोजन में जहर देकर बाद में बेडशीट से गला घोंटने का प्लान बनाया था। जांच में पता चला कि प्रतिमा अपने आशिक के साथ रहना चाहती थी, लेकिन परिवार की तरफ से जताए गए शक और मेडिकल रिपोर्ट्स की जांच के बीच दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

## जासूसी केसः जमानत के लिए गुहार लगा रही ज्योति मल्होत्रा, दायर की याचिका

**हिसार, एजेंसी।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार की गई हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा ने आज जमानत के लिए हिसार अदालत में याचिका दायर की। ज्योति मल्होत्रा ने अपने वकील कुमार मुकेश के जरिये न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) सुनील कुमार के समक्ष नियमित जमानत याचिका दायर की। वकील कुमार मुकेश ने बताया कि अदालत ने पुलिस से 11 जून तक जवाब मांगा है। 14 जून से अदालत में गर्मी की छुट्टियां हो जाएंगी। ऐसे में अदालत में पहले ही अपनी याचिका दायर की गई है। सोमवार को अदालत ने मल्होत्रा की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी थी और मामले की सुनवाई 23 जून के लिए तय की थी।

**हरियाणा पुलिस करेगी जसबीर सिंह से पूछताछ :** पंजाब स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने सोमवार को पंजाब के जासूस जसबीर सिंह को दो दिन का रिमांड खत्म होने के बाद मोहाली कोर्ट में पेश किया था। मोहाली अदालत ने जसबीर सिंह को 23 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी के बाद वह रडार पर आया था। हरियाणा पुलिस उससे पूछताछ करने की तैयारी में पहले से ही थी। उसे 6 जून को तलब भी किया गया था, लेकिन उससे पहले ही पंजाब पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। अब हरियाणा पुलिस उसे रिमांड पर लेगी।

**दोनों यूट्यूबर हिरासत में :** ज्योति मल्होत्रा और जसबीर सिंह के इस कनेक्शन की चर्चाएं हो रही हैं क्योंकि दोनों यूट्यूबर हैं और दोनों साथ में कई बार पाकिस्तान जा चुके हैं। अब दोनों एक ही तरह के आरोपों के तहत गिरफ्तार भी हुए हैं। इतना ही नहीं, ज्योति मल्होत्रा की तरह जसबीर सिंह के भी पाक उच्चायुक्त के निष्कासित अधिकारी दानिश से गहरे संबंध थे। उसने भी ज्योति की तरह ही दिल्ली स्थित पाकिस्तान हाई कमीशन में काम करने वाले दानिश के निमंत्रण पर पाकिस्तान नेशनल डे के कार्यक्रम में शिरकत की थी। जसबीर सिंह भी तीन बार पाकिस्तान जा चुका है। उसके इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज से पाकिस्तान के कई नंबर मिले हैं, जिससे साफ होता है कि जसबीर सिंह भी पाकिस्तानी जासूसी नेटवर्क का हिस्सा है।

## बीजेपी के महानगर अध्यक्ष को पूजा करने के दौरान आया हार्ट अटैक, अस्पताल में निधन

**गोरखपुर, एजेंसी।** यूपी में आए दिन हार्ट अटैक से मौतों के मामले आ रहे हैं। अब गोरखपुर से ऐसा ही एक मामला सामने आ रहा है। वहां भाजपा के महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव का हार्ट अटैक की वजह से निधन हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह देवेश श्रीवास्तव घर में पूजा कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिवार के लोग आनन-फानन में उन्हें लेकर एक निजी अस्पताल में गए जहां स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने हॉयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद देवेश श्रीवास्तव को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। 52 वर्षीय देवेश श्रीवास्तव के यूं आकस्मिक निधन से उनके मित्रों, शुभचिंतकों और रिश्तदारों में हर कोई सन्न रह गया है। सोशल मीडिया पर देवेश श्रीवास्तव के निधन की सूचना वायरल हो रही है। जो कोई इस बारे में सुनकर या पढ़कर जान रहा है वो हैरान रह जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार देवेश श्रीवास्तव अपने पीछे पत्नी और एक बेटी छोड़ गए हैं। गोरखपुर के संत रविदास मंदिर के बगल में उनका घर है। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव ने देवेश श्रीवास्तव के निधन पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि उन्हें भरोसा ही नहीं हो रहा है।

# मुआवजा कम मिला तो हाईवे पर खड़ी की दीवार, हरियाणा के किसान की हरकत से प्रशासन परेशान

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के एक स्टेट हाईवे पर किसान ने दीवार खड़ी करनी शुरू कर दी। इसके चलते ट्रैफिक को डायवर्ट करना पड़ा और लोग खेतों से होते हुए निकलने को मजबूर हो गए। यह मामला कुरुक्षेत्र से पहोवा को जोड़न वाले स्टेट हाईवे का है। यहां किसान बलविंदर सिंह और उनके परिवार ने स्टेट हाईवे पर ही दीवार की चिनाई शुरू करा दी। यात्री निकले तो देखा कि स्टेट हाईवे बंद है और वहां मजदूर दीवार बनाने में लगे हुए हैं। इन लोगों ने यात्रियों से कहा कि यह जमीन उनकी है और यदि उन्हें आगे का रास्ता तय करना है तो फिर खेतों से होकर जाएं। बड़ी संख्या में बाइक और अन्य वाहन खेतों से होकर गुजरने भी लगे। फिर भी वहां बड़े वाहन खड़े रहे और जाम लगता चला गया। जानकारी मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। इन अधिकारियों ने बलविंदर और परिवार को समझाने का प्रयास किया कि वे रास्ता बंद न करें। इस पर बलविंदर ने कहा कि यह हमारी जमीन है और सरकार मुआवजा दे। ऐसा नहीं होगा तो फिर हम अपनी जमीन पर कब्जा लेंगे। अब पुलिस ने पहोवा थाने में बलविंदर सिंह के 5 लोगों और कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह केस लोक निर्माण विभाग के एसडीओ की तहरीर पर दर्ज हुआ है। शिकायत में कहा गया है कि जिला प्रशासन को बिना कोई सूचना दिए ही रास्ता बंद किया गया। इससे लोगों को परेशानी हुई। इसके अलावा कई बार गुजारिश के बाद भी रास्ता नहीं खोला गया।



एसएचओ जनपाल सिंह ने भी केस दर्ज करने की पुष्टि की है, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। दरअसल यह पूरा मामला जमीन के मुआवजे से जुड़ा है। एडवोकेट मिथुन अत्री का कहना है कि बलविंदर सिंह और उनके परिवार की 22 मरला जमीन है। बलविंदर सिंह ने 2010 में अपनी जमीन की पैमाइश कराई थी और पता चला कि हाईवे उनकी जमीन से गुजरता है। इस पैमाइश के आधार पर पहोवा कोर्ट में बलविंदर सिंह ने केस दर्ज किया। अदालत ने 2013 में बलविंदर की सुनवाई करते हुए आदेश दिया कि सरकार या तो मुआवजा दे या फिर जमीन वापस करे। इस आदेश पर सरकार ने कोई फैसला अब तक नहीं लिया है। इसके बाद फिर किसान ने फैसले को लागू करने की मांग करते हुए 2018 में अर्जी दाखिल की। याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने पीड़ित पक्ष को जमीन लेने का आदेश दिया। इसी बीच सरकार ने मुआवजा भी जारी किया, लेकिन किसान के अनुसार वह काफी कम था। फिर सरकार ने उच्च न्यायालय का रुख किया। यहां सरकार की अर्जी खारिज हो गई और फिर किसान ने जमीन ही कब्जा करने का फैसला कर लिया और स्टेट हाईवे पर दीवान खड़ी करनी शुरू कर दी। इस मामले में बलविंदर सिंह को 5.50 लाख का ही मुआवजा मिला है, जबकि परिवार का कहना है कि यह रकम काफी कम है।

# शरद पवार गुट की एनसीपी में हलचल तेज, जयंत पाटिल छोड़ना चाहते हैं पद



**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा-एसपी) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने मंगलवार को पार्टी प्रमुख शरद पवार की मौजूदगी में पद से इस्तीफा देने के संकेत दिए। यह घोषणा एनसीपी के दो गुटों के बीच संभावित विलय और स्थानीय निकायों के चुनावों की अटकलों के बीच की गई है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 26वें स्थापना दिवस पर पुणे के बालगंधर्व सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में पाटिल ने कहा कि नए चेहरों को मौका देना जरूरी है। राकांपा के संस्थापक शरद पवार भी मंच पर मौजूद थे। पाटिल ने कहा, ''पवार साहब ने मुझे बहुत सारे अवसर दिए। मुझे सात साल के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई थी, लेकिन अब पार्टी के लिए नए चेहरों को मौका देना महत्वपूर्ण है।'' उनके इस फैसले का पार्टी कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध किया। कार्यकर्ताओं की पद पर बने रहने की भावनात्मक अपील के बीच पाटिल ने भावुक स्वर में कार्यकर्ताओं से शांत रहने का अनुरोध किया। पाटिल ने अपना भाषण समाप्त करते हुए कहा, ''यह पार्टी पवार साहब की है इसलिए उन्हें उचित निर्णय लेना चाहिए। मैं पवार साहब और पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि जयंत पाटिल के प्रस्ताव पर निर्णय लेने से पहले पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बीच चर्चा और विचार-विमर्श किया जाएगा। पवार ने कहा, जयंत पाटिल ने मुझसे इच्छा जताई है कि नए चेहरों को मौका मिलना चाहिए। आपको और मुझे उनके साथ खड़ा होना चाहिए। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि हम उनके और पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे और सामूहिक निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी को जयंत पाटिल पर निर्णय लेते समय यह सुनिश्चित करना चाहिए घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राकांपा (सपा) विधायक रोहित पवार ने कहा कि राज्य इकाई के प्रमुख की कमान किसी ऐसे व्यक्ति को सौंपी जानी चाहिए जो कई वर्षों से पार्टी के लिए काम कर रहा हो और जिसकी पृष्ठभूमि साधारण हो। शरद पवार द्वारा स्थापित राकांपा जुलाई 2023 में तब विभाजित हो गई थी।

## हम संत नहीं, नेता हैं; अजित पवार ने एनडीए में शामिल होने के फैसले को सही ठहराया

**पुणे , एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के स्थापना दिवस के मौके पर मंगलवार को उपमुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने पार्टी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नतृत्व वाले नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने के फैसले को सही ठहराया। उन्होंने कहा कि केवल विपक्ष में बैठकर नारे लगाना राजनीति नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि वह संत नहीं हैं कि सदा विपक्ष में बैठकर सरकार का विरोध करते रहें। पुणे के बालेवाड़ी स्थित श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए अजित पवार ने कार्यकर्ताओं से आगामी नगर निकाय चुनावों की तैयारी शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, कुछ लोग हमारे एनडीए में जाने के फैसले पर सवाल उठा रहे हैं कि एनसीपी की विचारधारा धर्मनिरपेक्ष है। लेकिन 2019 में जब पार्टी ने शिवसेना के साथ मिलकर सरकार बनाई तब भी तो विचारधारा से समझौता हुआ था। फिर अब हमें ही क्यों दोष दिया जा रहा है? उन्होंने आगे कहा, हम संत नहीं हैं, बल्कि जनप्रतिनिधि हैं। जनता की समस्याओं का समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है और उसके लिए सरकार में रहना जरूरी है। धर्मनिरपेक्ष विचारधारा नहीं छोड़ी अजित पवार ने स्पष्ट किया कि उन्होंने अपनी विचारधारा नहीं बदली है। जूनियर पवार ने कहा, हमारी पार्टी




की नींव शाहू महाराज, ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब आंबेडकर की विचारधारा पर टिकी है। एनडीए में शामिल होने का उद्देश्य विकास कार्यों को गति देना है। उन्होंने यह भी कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी एनडीए में शामिल हैं, जबकि उनकी विचारधारा भी धर्मनिरपेक्ष ही मानी जाती है। शरद पवार खेमे से विलय की अटकलों को किया खारिज पार्टी के शरद पवार खेमे (एनसीपी-एसपी) से विलय की अटकलों पर विराम लगाते हुए अजित पवार ने कहा, कुछ कार्यकर्ताओं की व्यक्तिगत राय हो सकती है, लेकिन ऐसा कोई फैसला पार्टी नेतृत्व के स्तर पर नहीं हुआ है। आपको बता दें कि पिछले सप्ताह एनसीपी के राज्य अध्यक्ष सुनील तटकरे ने भी पार्टी के कोर ग्रुप में इस मुद्दे पर किसी चर्चा से इनकार किया था।

# दुनिया में सबसे अधिक रफ्तार से बढ़ी मुस्लिमों की आबादी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते एक दशक में दुनिया में सबसे अधिक मुस्लिमों की आबादी बढ़ी है जबकि भारत सहित कई देशों में हिंदुओं की आबादी कम हुई है। प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार 2010 से 2020 के बीच मुस्लिमों की आबादी 34.7 करोड़ का इजाफा हुआ है। यह किसी भी अन्य धर्म की आबादी में बढ़ोत्तरी से अधिक है। भारत में मुस्लिमों की आबादी 3.56 करोड़ की वृद्धि हुई है। प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट के अनुसार आबादी की गणना के लिए 2700 से अधिक जनगणना और सर्वेक्षणों के विश्लेषण किया है। दुनिया के हर धार्मिक समूह में आबादी बढ़ी है। मुसलमानों की आबादी अब करीब 2 अरब रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में मुसलमानों की आबादी करीब 2 अरब हो गई है। दुनिया की आबादी में उनकी हिस्सेदारी 1.8 अंक बढ़कर 25.6प्रतिशत हो गई। वहीं किसी भी धर्म को न मानने वाले लोगों की संख्या दुनिया की आबादी का 24.2प्रतिशत हो गई।

बौद्ध एकमात्र ऐसा धार्मिक समूह है, जिसकी जनसंख्या 2020 में एक दशक पहले की तुलना में कम हो गई। भारत में किसकी कितनी आबादी भारत में हिंदू आबादी 2010 में 80प्रतिशत थी जो कि घटकर 2020 में 79.4प्रतिशत हो गई है। मुस्लिमों की आहादी 2010 में 14.3प्रतिशत



थी, जो कि 2020 में बढ़कर 15.2प्रतिशत हो गई है। क्रिश्चियन की संख्या में भी थोड़ी कमी आई है। 2010 में 2.3प्रतिशत की तुलना में 2.2प्रतिशत हो गई।

अन्य दूसरे धर्मों की बात करें तो 2.7प्रतिशत से घटकर 2.5प्रतिशत हो गई है। भारत सबसे अधिक आबादी वाला देश भारत की आबादी साल के अंत तक 1.46 अरब पहुंचने की संभावना है। संयुक्त राष्ट्र की जनसांख्यिकी रिपोर्ट के अनुसार भारत जनसंख्या के मामले में पहले स्थान पर बना रहेगा लेकिन प्रजनन क्षमता दर रिप्लेसमेंट लेवल से नीचे है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में भारत को मध्यम आय वाले देशों के समूह में रखा गया है। भारत सहित कई देशों में हिंदु आबादी कम हुई 2010 से 2020 तक दुनिया भर में हिंदुओं की संख्या में 12प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह 1.1 अरब से बढ़कर 1.2 अरब हो गई है। चूंकि गैर-हिंदुओं की संख्या लगभग उसी दर से बढ़ी, इसलिए वैश्विक आबादी के प्रतिशत या हिस्से के रूप में हिंदुओं की संख्या स्थिर रही। दक्षिण एशियाई देशों भारत, नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी में कमी आई है लेकिन इनमें से कोई भी बदलाव 5 प्वाइंट तक नहीं है। भारत में क्रिश्चियन तथा अन्य धर्मों को माननेवालों की जनसंख्या भी कम हुई है।

फीफा वर्ल्ड कप:

# अब तक 13 टीमों ने फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया, ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया ने भी हासिल किया टिकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फीफा विश्व कप 2026 अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जाना है। ये तीनों देश मेजबान होने के नाते पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट अगले साल जून और जुलाई में खेला जाएगा।

ब्राजील, इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया ने अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। तीनों ही अपने-अपने मुकाबले जीतने में कामयाब रहे। वहीं, लियोनल मेसी की अर्जेंटीना को कोलंबिया से ड्रॉ खेलना पड़ा। अर्जेंटीना की टीम पहले ही विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। इसके अलावा चिली को बोलिविया ने 2-0 से हराया जिससे वह लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर रहेगा। अब तक कुल मिलाकर 10 टीमों ने क्वालिफाई किया है। 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप में 48 टीमें खेलेंगी। 2022 फीफा विश्व कप तक मेन इवेंट में सिर्फ 32 टीमें खेलती थीं।





फीफा विश्व कप 2026 अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जाना है। ये तीनों देश मेजबान होने के नाते पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट अगले साल जून और जुलाई में खेला जाएगा।

### ऑस्ट्रेलिया फीफा विश्व कप में खेलेगा

कोनोर मेटकाफे ने ऑस्ट्रेलिया के लिये पहला गोल किया और सउदी अरब पर 2-1 से जीत के साथ टीम को लगातार छठी बार विश्व कप में जगह दिलवाने में मदद की। मिचेल ड्यूक ने दूसरा गोल किया। ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिए पांच गोल के अंतर से हार टालनी थी। मेटकाफे ने हाफटाइम से ठीक पहले गोल दागा, जबकि ड्यूक ने 48वें मिनट में हेडर से गोल किया। सउदी अरब के लिये 19वें मिनट में अब्दुल रहमान अल ओबुद ने गोल किया था।

ऑस्ट्रेलिया के लिए 100वां मैच खेल रहे गोलकीपर मैट रियान ने पांच गोल बचाए, जिनमें आखिरी क्षणों में मिली पेनल्टी भी थी। इससे पहले जापान ने इंडोनेशिया को 6-0 से मात देकर लगातार आठवीं बार विश्व कप में जगह बनाई। वहीं, दक्षिण कोरिया ने कुवैत को 4-0 से हराकर लगातार 11वीं बार विश्व कप में प्रवेश किया।

ओमान से 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद फलस्तीन दौड़ से बाहर हो गया। एशिया ऑस्ट्रेलिया से जापान, ईरान, दक्षिण कोरिया, उजबेकिस्तान, जोर्डन और ऑस्ट्रेलिया क्वालिफाई कर चुके हैं। एशिया से तीसरे चौथे स्थान पर रही छह टीमों में से दो और क्वालिफाई करेंगी और यह दौर अक्तूबर में खेला जाएगा। ये टीमें ओमान, कतर, ईराक, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हैं।

## निकोलस पूरन को संन्यास के एक दिन बाद मिली बड़ी जिम्मेदारी, इस टीम ने बनाया कप्तान

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन को मेजर लीग क्रिकेट ) के आगामी सत्र के लिए एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। 29 वर्ष के पूरन ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली थी। एमएलसी का पहला सत्र जीतने वाली टीम ने एक्स पर लिखा, 'हमारी टीम का नया कमांडर होगा कप्तान निकोलस पूरन। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की मालिक रिलायंस इंडस्ट्रीज की टीम ने लिखा, 'बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से है। अपने करियर के शिखर पर बैठे पूरन टीम को अपनी कप्तानी से नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। पूरन ने 2023 एमएलसी सत्र में 388 रन बनाए थे। तीसरा सत्र बृहस्पतिवार से शुरू होगा। एमआई न्यूयॉर्क में क्विंटोन डिकॉक, कीरान पोलार्ड और राशिद खान जैसे सितारे भी हैं। वेस्टइंडीज के लिए 106 टी20 मैच खेल चुके पूरन ने 136.39 की स्ट्राइक रेट से 2275 रन बनाए हैं। उन्होंने 61 वनडे खेलकर 99.15 की स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाए हैं। पूरन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का पूरा सत्र खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था। विश्व कप 2023 क्वालीफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। वेस्टइंडीज के लिए उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।



# रियान पराग होंगे कप्तान !



## इंग्लैंड सीरीज के बीच इस छोटे देश के दौरे पर जाएगी भारत की ये टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम इस समय इंग्लैंड में जमकर तैयारी कर रही है. उसे 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. इसी बीच भारतीय क्रिकेट से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है. भारत की एक टीम इस सीरीज के दौरान नामीबिया का दौरा करेगी. नामीबिया क्रिकेट बोर्ड इस दौरे का ऐलान भी कर दिया है, जिसमें 5 वनडे मैच खेले जाएंगे. ये सीरीज काफी ऐतिहासिक रहने वाली है, और दोनों देशों के खिलाड़ियों के पास एक बड़ा मौका होगा.

नामीबिया क्रिकेट बोर्ड ने ऐलान किया है कि वे असम क्रिकेट संघ के साथ 5 मैचों की वनडे सीरीज की मेजबानी करेंगे. यानी असम की क्रिकेट टीम इसी महीने नामीबिया के दौरे पर जाने वाली है. यह रोमांचक सीरीज 21 जून 2025 से शुरू होकर 29 जून 2025 तक चलेगी, और सभी मैच विन्ढोक स्थित एफएनबी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जाएंगे. जो नामीबिया का प्रमुख क्रिकेट स्टेडियम है. इस सीरीज से पहले नामीबियाई क्रिकेट टीम ने पंजाब और कर्नाटक के खिलाफ भी 50 ओवर के मैचों की सीरीज खेली थी, जो उनकी तैयारियों को मजबूत करने में मददगार रही.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्टार बल्लेबाज रियान पराग नामीबिया के असम टीम की कप्तानी करेंगी. वह घरेलू क्रिकेट में असम की ओर से ही खेलते हैं. आईपीएल में शानदार सीजन बिताने के बाद पराग युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण वाली संतुलित टीम की अगुआई करने के लिए तैयार माने जा रहे हैं. दूसरी ओर, नामीबिया की टीम गेरहार्ड इरास्मस की अगुआई में मैदान पर उतर सकती है.

### नामीबिया-असम सीरीज का शेड्यूल

पहला मैच–21 जून 2025
दूसरा मैच–23 जून 2025
तीसरा मैच– 25 जून 2025
चौथा मैच– 27 जून 2025
पांचवां मैच– 29 जून 2025

## 16वां डोलोमिटी इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट मार्टिन नें बनाई एकल बढ़त ,हिमल ठीक पीछे



**फोरनी दी सोपरा , इटली, एजेंसी।** इटली के विश्व धरोहर स्थल के रूप में प्रसिद्ध डोलोमाइट्स पर्वतमाला में स्थित फोर्नी दी सोपरा में 16वें डोलोमिटी इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट का आधा पडाव अब पार हो गया है टूर्नामेंट के पांचवें राउंड के बाद बुल्गारिया के टॉप सीड ग्रांड मास्टर मार्टिन पेट्रोव चार जीत और एक ड्रॉ के साथ 4.5 अंक बनाकर एकल बढ़त पर पहुँच गए है । जबकि भारत के इंटरनेशनल मास्टर हिमल गुसैन भारत के अगले ग्रांड मास्टर बनने की राह मे कदम बढाते हुए 3 जीत और 2 ड्रॉ के साथ 4 अंक बनाते हुए सयुंक्त दूसरे स्थान पर है , हिमल जिनकी वर्तमान रेटिंग 2490 है फिलहाल अपनी रेटिंग मे 2 अंक और जो? चुके है और जबकि वह टूर्नामेंट में खेल रहे दोनों ग्रांड मास्टर्स से खेल चुके है उम्मीद है वह अपनी रेटिंग में बचे हुए चार राउंड में और अंक जोऐंगे और ग्रांड मास्टर बनने के लिए महत्वपूर्ण औपचारिकता 2500 अंक के आंकड़े को छू सकते है ।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को टी20 श्रृंखला में किया क्लीन स्वीप



**साउथम्पटन, एजेंसी।** वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 37 रन से हराकर इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 248 रन बनाए। बेन डकेट ने 46 गेंद में 84 रन बनाए और पहले विकेट के लिए जैमी स्मिथ के साथ 120 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 26 गेंद में पांच छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। दस ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 135 रन था। कप्तान हैरी ब्रूक (35) और जैकब बेथेल (36) ने 5.1 ओवर में 70 रन जोड़े। वेस्टइंडीज की टीम आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंद में नाबाद 79 रन बनाए जबकि शाइ होप ने 27 गेंद में 45 रन जोड़े। इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला भी 3-0 से जीती थी। अब इंग्लैंड की टीम 20 जून से भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

अल्टीमेट टेबल टेनिस:

# अहमदाबाद ने कोलकाता को 8-7 से हराया, विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ बड़ा उलटफेर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में अहमदाबाद एसजी पाइपर्स ने कोलकाता थंडरब्लेड्स को 8-7 से हरा दिया। यह मैच अहमदाबाद के ईकेए एरेना में मंगलवार को खेला गया। भारतीय खिलाड़ी स्नेहिल सुरावज्जुआ ने विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी क्वाड्री अरुणा को सीधे गेम में हरा कर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर किया। शानदार जीत के बावजूद, अहमदाबाद एसजी पाइपर्स प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गई है और उनका इंडियन आयल यूटीटी सीजन 6 का सफर यहीं समाप्त हो गया। वहीं, कोलकाता थंडरब्लेड्स को अपनी प्लेआफ की किस्मत का फैसला जानने के लिए आखिरी दो मुकाबलों का इंतजार करना होगा। वहीं, डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और दबंग दिल्ली टीटीसी ने भी प्लेआफ के लिए क्वालिफाई किया।

### रिकार्डो वाल्टर ने अंकुर भट्टाचार्य को पहली हार चखाई

शाम की शुरुआत रोमांच से हुई जब जर्मन खिलाड़ी रिकार्डो वाल्टर ने कोलकाता के अंकुर भट्टाचार्य को सीजन की पहली हार चखाई। अंकुर ने पहले गेम में 7-1 की बढ़त ली थी, लेकिन वाल्टर ने जबरदस्त वापसी करते हुए यह गेम 11-10 से जीत लिया। इसके बाद उन्होंने दूसरा गेम 11-5 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। अंकुर ने आखिरी गेम जीतकर कोलकाता को मुकाबले में बनाए रखा।

### एड्रियाना डियाज ने आयहिका मुखर्जी को 2-1 से हराया

महिला एकल में, आयहिका मुखर्जी ने प्यूर्टो रिको की दिग्गज खिलाड़ी एड्रियाना डियाज के खिलाफ पहला गेम जीत लिया, लेकिन डियाज ने अगला दोनों गेम बड़े अंतर से जीतकर मुकाबला 2-1 से अपने नाम किया। निर्णायक गेम में डियाज़ ने 11-1 से बाजी मारी। मिक्स्ड डबल्स में अंकुर और डियाजी ने दबाव के क्षणों में संयम बरतते हुए वाल्टर और आयहिका को 2-1 से हराया।

स्नेहित ने अरुणा को 3-0 से हराया

अब तक सीजन में जीत की तलाश कर रहे स्नेहित ने चौथे मैच में क्वाड्री अरुणा को 3-0 से हराकर जबरदस्त प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले गेम में 9-10 और दूसरे गेम में 5-8 से पिछड़ने के बावजूद वापसी की और आक्रामक फोरहैंड शॉट्स के दम पर एकतरफा अंदाज़ में जीत दर्ज की। यह यूटीटी सीज़न 6 की सबसे बड़ी व्यक्तिगत जीतों में से एक रही।

### यशिनी शिवशंकर ने सेलिना सेल्वाकुमार 2-1 से हराया

अंतिम मैच में तमिलनाडु की यशिनी शिवशंकर और सेलिना सेल्वाकुमार आमने-सामने थीं, जो हाल ही में डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई सर्किट में डबल्स जोड़ीदार भी रही हैं। इस मुकाबले में सेलिना ने 2-1 से जीत दर्ज कर इस सीजन की अपनी पहली जीत हासिल की। स्नेहित को 'भारतीय प्लेयर आफ द टाई' और डियाज को 'विदेशी प्लेयर आफ द टाई' चुना गया, जबकि रिकार्डो वाल्टर को 'शाट आफ द टाई' अवार्ड मिला।

# रोहित शर्मा का वनडे करियर भी खत्म?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के तीनों फॉर्मेट फॉर्मेट में अभी अलग-अलग कप्तान हैं. रोहित शर्मा के टेस्ट से रिटायरमेंट के बाद बीसीसीआई ने शुभमन गिल को नया कप्तान नियुक्त किया, जो अभी इंग्लैंड में 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेंगे.

टी20 में सूर्यकुमार यादव कप्तान हैं, हालांकि अभी वनडे में रोहित ही कप्तान हैं. लेकिन एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बोर्ड को लगा था कि रोहित खुद को चैंपियंस ट्रॉफी के बाद संन्यास ले लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. वनडे फॉर्मेट में बीसीसीआई की प्लानिंग 2027 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखकर होगी. रोहित शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतकर क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी. उनकी कप्तानी में भारत ने इस साल चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता, हालांकि उन्होंने संन्यास नहीं लिया. लेकिन इसके बाद उन्होंने टेस्ट से अलविदा कह दिया है.

रोहित शर्मा 2027 में 40 साल के होंगे, ऐसे में सवाल ये हैं कि क्या उनकी फिटनेस और फॉर्म उस समय ऐसी होगी कि वह स्क्वॉड में जगह बना पाए. इस बीच एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बीसीसीआई नए वनडे कप्तान पर विचार कर रही है.

# इंग्लैंड दौरे के लिए न्यूजीलैंड-ए टीम का ऐलान

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी ।** न्यूजीलैंड-ए और इंग्लैंड-ए के बीच 23 जून से वनडे सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर और विकेटकीपर-बल्लेबाज इजी गेज को इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल दौरे के लिए 15 सदस्यीय न्यूजीलैंड ए टीम में शामिल किया गया है।

इंग्लैंड-ए की इस टीम में न्यूजीलैंड के लिए खेल चुके 11 खिलाड़ी शामिल हैं, जो इस महीने के अंत में इंग्लैंड के छह मैचों के दौरे पर जाएंगी। इस दौरे में तीन लिस्ट ए वन-डे और उसके बाद तीन टी20 मैच शामिल हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, टीम शनिवार को रवाना होगी और 23 जून को डर्बी में अपना



पहला वन-डे मैच खेलेगी। असिस्टेंट कोच ब्रेंडन डोनकर्स इंग्लैंड में टीम के एकजुट होने के बाद कप्तान के नाम की घोषणा करेंगे। प्लिमर और विकेटकीपर-बल्लेबाज गेज जेस वॉटकिन इस बैटिंग यूनिट की अहम खिलाड़ी हैं। इनके अलावा हाल ही में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाली बेला जेम्स और पोली इंग्लिस, एम्मा मैकलियोड और इजी शार्प भी टीम में मौजूद हैं। वॉटकिन गेंद और बल्ले से महत्वपूर्ण प्रदर्शन कर चुकी हैं। उन्होंने अपनी टीम को लगातार दूसरे साल सुपर स्मैश एलिमिनेशन फाइनल में पहुंचाया है।

हाल के घरेलू सत्रों में लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद, इन-स्विंगर ऑलराउंडर नेंसी पटेल को फिर से खुद को परखने का मौका मिलेगा। स्पिन दल में ऑलराउंडर पटेल, वॉटकिन और डेवोनशायर के साथ-साथ अन्ना ब्राउनिंग भी शामिल हैं।

न्यूजीलैंड क्रिकेट की महिला हाई परफॉर्मेंस हेड लिज ग्रीन का कहना है कि ये टूर अमूल्य सीख का मौका देगा। उन्होंने कहा, हम प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के इस ग्रुप को इंग्लैंड भेजने के लिए सच में उत्साहित हैं। उन्हें अलग-अलग परिस्थितियों में एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी का सामना करके अपने खेल को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा, साथ ही उन्हें अंतरराष्ट्रीय दौरे का अनुभव भी मिलेगा।

### न्यूजीलैंड ए टीम:

एम्मा ब्लैक, अन्ना ब्राउनिंग, फ्लोरा डेवोनशायर, इजी गेज, एमी हकर, ब्री इलिंग, पोली इंग्लिस, बेला जेम्स, एम्मा मैकलियोड, नेंसी पटेल, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, इजी शार्प, जेस वाटकिन।

ऑस्ट्रेलियन रेस वॉकिंग:

## प्रियंका ने जीती 10 किमी पैदलचाल, सत्र की पहली जीत दर्ज की; रामबाबू को कांस्य पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की पैदलचाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज करते हुए इंसब्रुक में ऑस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकेंड का समय निकाला। उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28.45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। 10 किलोमीटर में उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 45 मिनट और 47 सेकेंड का है जो उन्होंने 2022 में बनाया था। गोस्वामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा, एक मिनट की पेनाल्टी के बावजूद मैने स्वर्ण जीता जो आसान नहीं था। बुखार और पेनाल्टी के बाद यह मुश्किल था। वह मई में मेलबर्न में एथलेटिक्स विक्टोरिया वॉकिंग चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी।



# डाइट में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत हुआ जिला स्तरीय प्रशिक्षण



पन्ना। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण गत दिवस डाइट में आयोजित किया गया। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पन्ना के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी रमाकांत खरे द्वारा साक्षरता कार्यक्रम संचालन केउद्देश्य, लक्ष्य एवं अब तकप्राप्त हुई उपलब्धि के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। प्रशिक्षक शरद श्रीवास्तव एवं जिला सह समन्वयक द्वारा 2011 की जनगणना अनुसार असाक्षरों की लक्ष्य संख्या का शत प्रतिशत चिन्हांकन एवं पंजीयन, सामाजिक चेतना केंद्रों का निर्धारण एवं संचालन, असाक्षरों के लिए अध्ययन केंद्रों का संचालन, अक्षर साथी तैयार करना, आगामी साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा अगस्त 2025 की तैयारी केबारे में विस्तृत प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण में विद्यासागर कुरिया शाहनगर द्वारा आईपीसीएल पद्धति अनुसार अध्ययन केंद्रों का संचालन एवं असाक्षरों केसीखने केलिए तैयार की गई अक्षर पोथी पुस्तिका का उपयोग कैसे करें केबारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। विजय मिश्रा विकासखंड सह समन्वयक पन्ना द्वारा वातावरण निर्माण पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। शिवकुमार पांडे गुनौर द्वारा असाक्षरों को तैयार कर उन्हें मोटिवेट करने की पूरी प्रक्रिया बताई गई। रमेश प्रजापति पवई एवं रामस्वरूप पाल अजयगढ़ द्वारा भी विकासखंड, जन शिक्षा केंद्र एवं शाला स्तर पर प्रशिक्षण प्रक्रिया से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण प्रभारी महेन्द्र तिवारी द्वारा प्रशिक्षण की समस्त व्यवस्थाएं संचालित की गईं। साथ ही निर्धारित तिथियों में प्रशिक्षण संपादित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डाइट प्राचार्य रविप्रकाश खरे एवं डीपीसी अजय गुप्ता भी उपस्थित रहे।

## बीएलओ ऑफलाइन मोड में भी एप पर कर सकेंगे कार्य

पन्ना। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के परिपालन में वर्तमान में समस्त बीएलओ द्वारा बीएलओ एप के जरिए कार्य संपादित किया जा रहा है। इस एप में बीएलओ से संबंधित सभी जानकारियां उपलब्ध हैं। बीएलओ एप दो प्रकार के वर्जन क्रमशः इंटरनेट की परिधि में होने पर तथा इंटरनेट की परिधि से बाहर होने पर कार्य करता है। इस संबंध में अवगत कराया गया है कि एप पर सभी बीएलओ उक्त दोनों परिस्थितियों में कार्य संपादित कर सकते हैं। इंटरनेट न होने पर भी बीएलओ एप कार्य करता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को इस बावत समस्त बीएलओ से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## भूतपूर्व सैनिकों के लिए अमानगंज में आउटरीच प्रोग्राम 12 जून को

पन्ना। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कार्यालय छतरपुर द्वारा पन्ना जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों को आगामी 12 जून को सुबह 10:30 बजे से साईं मंडपम अमानगंज में जम्मू कश्मीर राइफल रिकार्ड द्वारा आउटरीच प्रोग्राम आयोजन के बारे में सूचित किया गया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर रामविशाल यादव ने इस अवसर पर सभी भूतपूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं, वीर नारियों एवं आश्रितजनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# पवई ग्राम रामपुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



पवई। ग्राम रामपुर में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही कथा में कृष्ण जन्म का प्रसंग प्रारंभ हुआ, पूरा पांडाल नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जैसे भजनों से गूंज उठा और श्रद्धालु झूम उठे। जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी की, मक्खन-मिश्री का भोग अर्पित कर प्रसाद वितरित किया। संगीत मंडली में उमा शंकर पाठक व मनोज गर्ग के द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी गई। कथा का वाचन कथा व्यास पंडित नारायण प्रसाद तिवारी द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण केजन्म, बाल लीलाओं और उनकेजीवन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब परमात्मा अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। कथा के माध्यम से राम जन्म, ताड़का वध, राम विवाह, रावण वध और रामराज्याभिषेककी सुंदर व्याख्या भी की गई। कथा श्रोता लाखन सिंह भदौरिया, जीत बहादुर सिंह भदौरिया,डॉ.धनराज सिंह भदोरिया सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। समिति प्रबंधक ने बताया कि भौतिक,सांसारिक, मोक्ष व अज्ञानता बस किए गए पापों से मुक्ति केउद्देश्य से भागवत कथा का आयोजनकिया गया है।

# खाद्यान्न हितग्राहियों को मिलेगी तीन माह की एकमुस्त राशन सामग्री

पन्ना। शासन के निर्देशानुसार आगामी मानसून सीजन में संभावित बाढ़ के कारण राशन सामग्री के परिवहन, भंडारण और वितरण में आने वाली समस्याओं के निराकरण तथा पात्र परिवारों को समय सीमा में राशन सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी पात्र परिवारों को माह जून, जुलाई एवं अगस्त की एकमुश्त राशन सामग्री प्रदान की जाएगी। इसके लिए सामग्री के आवंटन, उठाव व वितरण संबंधी निर्देश भी जारी किए गए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया द्वारा समस्त एसडीएम से पात्र परिवारों को खाद्यान्न सामग्री वितरण केलिए उचित मूल्य दुकानवार नोडल अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित कर वितरण सुनिश्चित कराने तथा इसके व्यापकप्रचार प्रसार का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत मासिक आधार पर पात्रता श्रेणी एएवाय एवं पीएचएच को गेहूं एवं चावल की पात्रता 35 किलोग्राम प्रति परिवार एवं 5 किलोग्राम प्रति सदस्य निर्धारित है। इसी तरह एएवाय श्रेणी के पात्र परिवारों को एक किलोग्राम प्रति परिवार शक्कर और एएवाय एवं पीएचएच श्रेणी केपात्र परिवारों को एककिलोग्राम प्रति परिवार नमकका वितरण किया जाता है। अब पीओएस मशीन में तीन माह की राशन सामग्री केमाहवार वितरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पात्र हितग्राही उचित मूल्य दुकान पहुंचकर अपना राशन प्राप्त कर सकेंगे। प्रदाय केंद्रों पर आवंटन अनुसार खाद्यान्न, शक्कर व नमककी उपलब्धता सुनिश्चित करने, मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के अनुबंधित परिवहनकर्त्ताओं के माध्यम से अतिरिक्त वाहनों से भी दुकानों पर राशन सामग्री का प्रदाय समय सीमा में कराने केनिर्देश दिए गए हैं। दुकानों पर राशन सामग्री प्रदाय व वितरण की नियमित मॉनीटरिंग व किसी भी अनियमितता पर दोषियों केविरूद्ध कार्रवाई और तीन माह केएकमुश्त राशन सामग्री वितरण की जानकारी से सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराने केलिए कहा गया है।

## जनसुनवाई में आए 14 आवेदन

पन्ना। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 14 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। विभागीय अधिकारियों द्वारा जिला मुख्यालय की जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी आवेदकों की समस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण किया गया। राज्य शासन के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

# नगर पालिका परिषद अंतर्गत अवैध कॉलोनी निर्माण पर नोटिस जारी

पन्ना। कलेक्टर न्यायालय द्वारा नगर पालिका परिषद पन्ना क्षेत्र अंतर्गत अवैध कॉलोनी निर्माण पर तीन व्यक्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर आगामी 10 जुलाई को पेशी तिथि पर दोपहर 2 बजे पक्ष समर्थन के लिए उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर सुरेश कुमार ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना के प्रतिवेदन पर ग्राम पन्ना के सर्वे नंबर 403/1/1 रकवा 0.018 हे., सर्वे नंबर 403/2/1 रकवा 0.124 हे., सर्वे नंबर 405/1 रकवा 0.035 हे., सर्वे नंबर 405/2 रकवा 0.175 हे. कुल किता 4 कुल रकवा 0.3520 हे. भूमि पर संयुक्त रूप से निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन कर छोटे-छोटे भू-खण्ड विक्रय कर अवैध कॉलोनी के निर्माण पर नोटिस जारी किया है। उक्त कार्रवाई म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339-क, 339-ख एवं 339-ग तथा म.प्र. नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के प्रावधानों के विपरीत कॉलोनी निर्माण करने पर की गई है।

इस संबंध में जारी नोटिस के माध्यम से कॉलोनी को अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने, उपरोक्त भूमि तथा संबंधितजन के स्वामित्व की किसी अन्य भूमि को प्रशमाधीन कॉलोनी में नागरिक अधोसंरचना के विकास कार्य पूर्ण करने के लिए अटैच करने तथा अनधिकृत कॉलोनी निर्माण का अपराध कारित करने पर कारावास व जुर्माना के लिए सक्षम न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत करने सहित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने बावत् बिन्दुवार प्रत्युत्तर पेशी तिथि पर स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से अनिवार्य रूप से चाहा गया है। निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित न होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई कर प्रकरण में प्रस्ताव अनुसार आगामी आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### इन्हें मिला नोटिस

जिला कलेक्टर द्वारा अवैध कॉलोनी निर्माण पर मीना पाण्डेय पत्नी अरविन्द कुमार पाण्डेय उर्फ विष्णु पाण्डेय निवासी रानीगंज मोहल्ला तहसील एवं जिला पन्ना, पूनम यादव पत्नी महेन्द्र प्रताप सिंह यादव निवासी वार्ड नं. 14 बेनीसागर मोहल्ला तहसील एवं जिला पन्ना तथा सुमन गुप्ता पत्नी मनोज कुमार गुप्ता निवासी वार्ड नं. 11 बेनीसागर मोहल्ला तहसील एवं जिला पन्ना को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कॉलोनी निर्माण का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, कॉलोनी विकास की अनुज्ञा, नगर तथा ग्राम निवेश से ले आउट स्वीकृति व अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं रेरा में पंजीयन कराए बगैर तथा किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास किए बगैर अवैध कॉलोनी निर्माण करने पर जारी नोटिस के माध्यम से अन्य व्यक्तियों को भी अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने के संबंध में अपनी आपत्ति निर्धारित तिथि के पूर्व न्यायालय में प्रस्तुत करने के संबंध में सूचित किया गया है। इसके अलावा तहसीलदार पन्ना, सीएमओ एवं उप पंजीयक पन्ना को भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# जिपं सीईओ ने समग्र ई-केवायसी सत्यापन कार्य में लापरवाही पर पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों के विरूद्ध की कार्यवाही

पन्ना। शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में हितग्राहियों को आगामी दिवसों में पारदर्शी तरीके से शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए समग्र ई-केवायसी सत्यापन का कार्य संचालित है। इसकी शासन स्तर से निरंतर समीक्षा भी की जा रही है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा इस संबंध में समस्त ग्राम पंचायतों को शत् प्रतिशत ई-केवायसी सत्यापन के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद कई ग्राम पंचायतों द्वारा इस कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। जिले की सबसे कम प्रगति की ग्राम पंचायत सुंगरहा, जनपद पंचायत गुनौर की सचिव सुमन अहिरवार एवं ग्राम पंचायत सिंघौरा जनपद पंचायत गुनौर के सचिव काशी प्रसाद यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

इस क्रम में जिले की न्यून प्रगति वाली ग्राम पंचायतों में जनपद पंचायत गुनौर की 15 ग्राम पंचायत विक्रमपुर, सिरी, सिठौली, जसवंतपुरा, पुरैना, द्वारी, बलगहा, बरशोभा, गंज, गौरा, बमुरहा, झरकुआ, बंधीरा, बिलघाड़ी, धरवारा, जनपद पंचायत पन्ना की 12 ग्राम पंचायत गजना, उमरी, धरमपुर, रमखिरिया, झरकुआ, सिरस्वाहा, सकरिया, लुहरहाई, जनवार, बड़ौर, बड़गड़ीखुर्द, मकरी कुठार तथा जनपद पंचायत अजयगढ़ की एक ग्राम पंचायत राजापुर के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को अनुशासनात्मक कार्यवाही संबंधी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाकर स्पष्टीकरण सहित जिला पंचायत में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## नगरीय क्षेत्र में जर्जर भवन मालिकों के विरूद्ध करें कार्यवाही

पन्ना। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त ने समस्त नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में जर्जर भवनों की सूची तैयार करें और मानसून आने के पहले जिला प्रशासन के सहयोग से जर्जर भवनों को गिराने की कार्रवाई करें। अधिकारियों को प्रभावित नागरिकों के उचित विस्थापन किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। यह कार्यवाही नगर निगम अधिनियम और नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत सुनिश्चित की जाएगी। नगरीय निकायों के अधिकारियों को आगाह किया गया है कि सतर्कता के साथ की गई कार्यवाही से जन धन हानि से बचा जा सकता है। आयुक्त ने जर्जर भवनों की सूची तत्काल संबंधित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को उपलब्ध कराने के लिए कहा है। इसके अलावा नगरीय निकायों के अधिकारियों को अपने शहरी क्षेत्र के नाले-नालियों की साफ-सफाई प्राथमिकता से करवाने के लिए भी कहा गया है। नाले-नालियों की उचित साफ-सफाई न होने की वजह से जल भराव की स्थिति निर्मित होती है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को, जीएडी ने जारी किए दिशा-निर्देश

पन्ना। इस वर्ष भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विदित हो कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा योग को वैश्विक पहचान देते हुए वर्ष 2015 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूर्ण हो रहा है। इस अवसर पर वृहद रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ-साथ काउंटडाउन एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। योग दिवस पर जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा संस्थान, आयुष, नर्सिंग, पशु चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, पॉलीटेक्निक, आईटीआई के साथ निजी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की भागीदारी रहेगी। समस्त संस्थानों में योग दिवस में भाग लेने के लिए आयुष मंत्रालय भारत सरकार की लिंक में आयोजक के रूप में पंजीयन कराया जाना है, जिससे भारत सरकार स्तर पर आयोजन की संख्या निर्धारित हो सके। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की निर्धारित थीम एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग रखी गई है। पर्यटन स्थलों पर भी सामूहिक योग के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। सामूहिक योग कार्यक्रम की शुरूआत 21 जून को प्रातरू 6 बजे से होगी। सामूहिक योग की प्रक्रिया प्रातरू 7.45 पर संपन्न हो जाएगी।

# राजसात ट्रॉली बेचने पर वन रक्षक सस्पेंड, एफआईआर केलिए लिखा पत्र

## पन्ना टाइगर रिजर्व केवन, वन्य प्रणी एवं सामग्री असुरक्षित

पन्ना

मध्य प्रदेश की शान कहे जाने वाले टाइगर रिजर्व में अब कुछ रक्षकही भक्षकबन चुकेहैं, जिससे वन संपदा, वन्य प्राणी से लेकर विभागीय सामग्री भी असुरक्षित बताई जा रही है। ताजा मामला वनरक्षक अनिल शुक्ला के द्वारा एक राजसात पुरानी ट्रॉली चोरी छिपे बेचने का मामला सामने आया है। मामला उजागर होने के बाद जब तहकीकात की गई तो सीसीटीवी में यह वारदात देखने के बाद प्रबंधन केद्वारा वनरक्षक अनिल शुक्ला को नोटिस जारी किया गया। इसके बाद वनरक्षक ने आनन-फानन में पुरानी ट्रॉली जिसे खरीदने वाले व्यक्ति के द्वारा टुकड़ों में बांट दिया गया था उसे वापस मंगवा कर रख दिया गया, लेकिन वन रक्षककी चलाकी नहीं चल सकी, फिल्ड डायरेक्टर अंजना सुचिता तिर्की के निर्देश पर 7 जून 2025 को वनरक्षक अनिल शुक्ला को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके अलावा फील्ड डायरेक्टर के निर्देश पर रेंजर राहुल पुरोहित केद्वारा वनरक्षकपर एफआईआर केलिए मड़ला थाना पुलिस को पत्र लिखा गया था।

ऐसा ही मामला पन्ना टाइगर रिजर्व बफर जोन पन्ना परिक्षेत्र प्रभारी अमर सिंह के द्वारा वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए हरसा गेट से सद्धुआ नाला तक लगाई गई जाली को निकलवा कर सरकारी ट्रैक्टर ट्रॉली से अपने भाई के नाम खरीदे गए खेत में लगवाने एवं पन्ना टाइगर रिजर्व अंतर्गत बफर जोन केप्रतिबंधित क्षेत्र से फर्सी पत्थर उत्खनन करवाकर व उनकी चीपें कटवा कर खेत में डंप करने का भी मामला सामने आया था। कुछ लोगों के द्वारा इस मामले की शिकायत भी की गई थी लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। पन्ना टाइगर रिजर्व के कुछ अधिकारी कर्मचारी बेलगाम हो चुकेहैं जिससे इस प्रकार केकृत्य आम हो चुकेहैं।

## श्री सर्वेश्वर नाथ मंदिर की कृषि भूमि की पुनः बोली 12 जून को

पन्ना। धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार न्यायालय मण्डल कल्दा द्वारा ग्राम बिरसिंहपुर सुरदहा स्थित श्री सर्वेश्वर नाथ मंदिर में दर्ज कृषि भूमि की बोली प्रक्रिया गत 9 मई को ग्राम पंचायत भवन बिरसिंहपुर में संपादित की गई थी, लेकिन प्रथम बोलीदार शनि प्रताप सिंह निवासी खम्हरिया एवं द्वितीय बोलीदार अरूण पाल लोधी निवासी दिवई द्वारा नीलामी में बोली गई राशि को मंदिर खाते में जमा न कराने से पुनः 12 जून को तहसील कार्यालय पवई में बोली की प्रक्रिया आयोजित की गई है। पर्याप्त बोली नहीं आने अथवा बोली पूर्ण नहीं होने पर दूसरे दिवस भी इसकी कार्यवाही संपादित होगी। बोली समाप्त होने के पश्चात अंतिम निर्णय जिला कलेक्टर पन्ना का मान्य होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी तहसील कार्यालय पवई से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# धरमपुर में भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस मनाया गया



पन्ना। मध्य प्रदेश जनपद पंचायत पन्ना के अंतर्गत ग्राम पंचायत धरमपुर में भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एकलव्य सेना के जिला अध्यक्ष जयराम यादव उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिवासी विकास परिषद केअध्यक्ष देबू गौड़ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राम प्रसाद वर्मा ने शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा केचित्र पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि जयराम यादव ने अपने संबोधन में कहा, ब्रिटिश शासनकाल में जब अंग्रेज और जमींदार आदिवासियों, गरीबों और वंचितों की जमीन छीन रहे थे, तब भगवान बिरसा मुंडा ने मात्र 20 वर्ष की आयु में 1895 में सशस्त्र आंदोलन शुरू किया, जिसका अर्थ था सरदारों को एकजुट करना। इस आंदोलन की नींव पर 1900 में उन्होंने उलगुलान आंदोलन का आह्वान किया, जिसने ब्रिटिश शासन की जड़ें हिला दीं। उनके आंदोलन का मुख्य उद्देश्य जल, जंगल, जमीन की रक्षा, सामाजिक न्याय, स्वतंत्रता और आत्मसम्मान के साथ जीने का अधिकार सुनिश्चित करना था। हमें उनके विचारों को अपनाकर अपने हक और अधिकारों के लिए संघर्ष करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे देबू गौड़ ने अपने संबोधन में कहा, आदिवासी समाज आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी और गरीबी जैसे गंभीर मुद्दों से जूझ रहा है। भगवान बिरसा मुंडा केबलिदान दिवस पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने बच्चों को शिक्षित करेंगे और समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करेंगे। हम सभी को एकजुट होकर किसी भी दमन और अत्याचार के खिलाफ मिलकर लड़ने का प्रण लेना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा के विचारों और बलिदान को याद करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। यह आयोजन आदिवासी समाज में एकता, जागरूकता और सामाजिक न्याय केप्रति प्रेरणा का संदेश देने में सफल रहा।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, गुरूवार 12 जून 2025




रीवा संभाग के सभी जिलों में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान की मॉनीटरिंग के लिए कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय अधिकारियों के दल तैनात किए हैं।



## ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न होने पर अधिकारियों की संविदा सेवावृद्धि नहीं दी जायेगी : कलेक्टर

### जल गंगा संवर्धन अभियान के सभी कार्य 30 जून तक अनिवार्यतः पूर्ण करें : कलेक्टर

रीवा

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने ग्रामीण विकास विभाग अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान, मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजनाओं की अद्यतन प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।

कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न होने पर अधिकारियों की संविदा सेवावृद्धि नहीं की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि जल गंगा संवर्धन अभियान में आगामी सात दिवस में प्रगति लायें अन्यथा जनपद के सीईओ सहित संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही करते हुए विभागीय जांच संस्थित की जायेगी। कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान में डकवेल रिचार्ज के कार्य तीन दिवस में पूर्ण करने के



निर्देश दिये। रायपुर कर्चुलियान अन्तर्गत सगरा सीएफटी के उपयंत्री संतोष मिश्रा तथा रघुराजगढ़ सीएफटी के उपयंत्री जितेन्द्र सिंह के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। उन्होंने कहा कि अभियान में कम प्रगति वाले उपयंत्रियों एवं अन्य अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करें।

बैठक में कलेक्टर ने मनरेगा के अपूर्ण कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि सभी कार्य वर्षा से पूर्व अभियान चलाकर पूर्ण करायें। मनरेगा के कार्यों की प्रगति के आधार पर ही संविदा अधिकारियों, कर्मचारियों की आगामी सेवा वृद्धि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कम प्रगति वाले जनपद के एपीओ एवं सहायक यांत्रियों के वेतन रोकें तथा नो वर्क नो पे करें। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि एपीओ एवं एओ की जिम्मेदारी है कि मनरेगा के कार्य समय पर पूरे हो तथा मस्टर पेमेंट हो। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान समग्र सीडिंग की कार्यवाही एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। आवास प्लस के वर्ष 2024-25 के स्वीकृत कार्यों की सतत मानीटरिंग किए जाने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि ग्रामीण विकास के कार्य लंबित नहीं रहे। समस्त ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी पूरी लगन व मेहनत से कार्य करे ताकि जिले की प्रदेश में अच्छी रैंकिंग रहे। उन्होंने सचेत किया की शिथिलता बरतने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## शिक्षा विभाग में फर्जी नियुक्ति के संबंध में की गई कड़ी कार्यवाही

**रीवा।** शिक्षा विभाग में फर्जी नियुक्ति के संबंध में संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की गई है। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लिपिक रमाप्रपन्न द्विवेदी को निलंबित करते हुए उनके विरूद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसी क्रम में विवेचना अधिकारी ओआईसी अनुकंपा नियुक्ति अखिलेश मिश्रा के निलंबन का प्रस्ताव आयुक्त रीवा संभाग को प्रेषित किया गया है। इसी प्रकार फर्जी नियुक्ति के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता को घोर लापरवाही बरतने के आरोप में स्पष्टीकरण लिये जाने के साथ ससंगत कार्यवाही किये जाने का प्रस्ताव रीवा संभाग को प्रेषित किया गया है।

## चिन्मय आश्रम लक्ष्मणपुर में योगाभ्यास आज

**रीवा।** विश्व योग दिवस 21 जून को मनाया जायेगा। इसके लिए तैयारियाँ शुरू कर दी गयी हैं। तैयारियों के क्रम में विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास सत्र आयोजित किये जा रहे हैं।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को मिल रहा खेती को उन्नत करने का मंत्र

**रीवा।** रीवा और मऊगंज जिले के सभी विकासखण्डों में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में कृषि विभाग के अधिकारी और कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक किसानों को उन्नत खेती का मंत्र दे रहे हैं। शिविरों में किसानों को कृषि, पशुपालन तथा मछली पालन विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ जल प्रबंधन और जल संरक्षण के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि 11 जून को रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के ग्राम गगहरा तथा कपुरी में शिविर लगाए गए। ग्राम गगहरा में कृषि वैज्ञानिक डॉ चन्द्रजीत सिंह ने किसानों को फसलों की कतार से कतार में बोनी, खरपतवार नियंत्रण तथा फसल में खाद के संतुलित उपयोग की जानकारी दी। किसानों को दलहनी और तिलहन फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया। किसानों को कई आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी।

अभियान के तहत मऊगंज जिले के हनुमना विकासखण्ड के नाउनकला तथा रीवा जिले के गंगेव विकासखण्ड के ग्राम सथिनी एवं जवा विकासखण्ड के ग्राम गाड़ा 137 में शिविर लगाए गए। शिविर में कृषि वैज्ञानिक डॉ एके पटेल, कृषि वैज्ञानिक डॉ चन्द्रजीत सिंह, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी शिवशरण सरल, दीपक श्रीवास्तव, स्वीकृति शुक्ला, श्रेया तिवारी ने किसानों को उपयोगी जानकारी दी। शिविर में किसानों की खेती से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में बताया गया कि किसानों को प्राकृतिक खेती के तहत बीजामृत, जीवामृत, नीमास्त्र के निर्माण की जानकारी दी गई। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, फसलों में कीट नियंत्रण तथा पैडी ट्रांसप्लांटर से धान की रोपाई की जानकारी दी गई। किसानों को प्याज और आलू की खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियाँ दी गईं। किसानों को नरवाई जलाने के स्थान पर उससे खाद बनाने की सलाह दी गई। किसानों को श्री अन्नत की खेती तथा जैविक खेती के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया।

## मछली मारने पर 16 जून से 15 अगस्त तक रहेगा प्रतिबंध

**रीवा।** वर्षाकाल का आरंभ मछलियों का प्रजनन काल होता है। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के सभी जलाशयों में 16 जून 2025 से 15 अगस्त 2025 तक मछली मारने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। इस अवधि में मछली का शिकार, विनिमय तथा परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश मध्यप्रदेश नवीन मत्स्योद्योग नियम 1972 के तहत जारी किया गया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर एक वर्ष के कारावास अथवा पांच हजार रुपए के जुर्माने से दण्डित किया जाएगा। प्रतिबंध की अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट न करे। यह प्रतिबंध छोटे तालाब अथवा अन्य ऐसे जल स्त्रोत पर लागू नहीं होगा।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर 14 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन

### अधिक से अधिक रक्तदाताओं को रक्तदान करने हेतु प्रेरित करें : कलेक्टर

**रीवा।** आगामी 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर सुबह 10 बजे से आरंभ होकर शाम 4 बजे तक संचालित होगा।



रक्तदान शिविर आयोजन की तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि अधिक से अधिक रक्तदाताओं को रक्तदान के लिये प्रेरित करें। यह पुनीत कार्य है जिससे किसी भी व्यक्ति की जान बच सकती है। उन्होंने शैक्षणिक संस्थाओं, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के छात्र-छात्राओं सहित अधिकारियों, कर्मचारियों को भी शिविर में रक्तदान हेतु आगे आने का आह्वान किया। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि सभी शैक्षणिक संस्थाओं से कम से कम 15 रक्तदाताओं के नाम की सूची 12 जून तक उपलब्ध करायें। उन्होंने स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों से भी रक्तदान शिविर में सहयोग की अपेक्षा की है। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने शिविर की व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी दी। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ला, डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी सहित शैक्षणिक संस्थाओं के प्राचार्य तथा स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## श्री विधि से धान की रोपाई किसानों के लिये वरदान

**रीवा।** जिले में काफी बड़े क्षेत्र में धान की खेती की जाती है। अधिकतर किसान रोपा विधि से धान लगाते हैं। इसकी तुलना में मेडागास्कर विधि जिसे एस.आर.आई. श्री विधि कहा जाता है, से धान लगाना अधिक लाभकारी है। इसमें कम पानी, कम बीज और बिना खरपतवार के धान का अच्छा उत्पादन होता है। परम्परागत विधि से किसान को प्रति हेक्टेयर 20 से 25 क्विंटल धान की उपज मिलती है। इसकी तुलना में श्री विधि से धान लगाने पर प्रति हेक्टेयर 35 से 50 धक्कटल धान का उत्पादन होता है। उप संचालक यूपी बागरी कृषि ने किसानों से धान रोपण के लिये श्री विधि अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक किसानों के लिये वरदान है।

उप संचालक यूपी बागरी ने बताया कि श्री विधि से प्रति हेक्टेयर केवल 6 से 8 किलो बीज की जरूरत होती है। इसे विशेष तरह की प्लेट अथवा पॉलीथीन में नर्सरी लगाकर तैयार किया जाता है। इसमें भुरभुरी मिट्टी तथा राख का होना आवश्यक है। इसके लिये 10 मीटर लम्बी तथा 5 से.मी. ऊंची क्यारी बनायें। इसमें 50 किलो नाडेप अथवा गोबर की खाद मिलाकर बीजों की बोनी करें। बोनी से पहले बीजों को थाईरम दवा से उपचारित करें। प्रत्येक क्यारी में 120 ग्राम बीज की बोनी करें। इन्हें ढंककर हल्की सिंचाई करें। धान रोपित करने के लिये खेत को गहरी जुताई करके उसके खरपतवार नष्ट करें। खेत में पर्याप्त पानी देकर रोपाई के लिये खेत तैयार करें। इसमें नर्सरी में तैयार धान के 15 से 21 दिन के पौधे रोपित करें। तैयार खेत में मार्कर हल की सहायता से 20-20 से.मी. दूरी पर निशान बनायें। इन निशानों पर धान का केवल एक पौधा रोपित करें।

उन्होंने किसानों को सलाह देते हुए कहा कि पौधे से पौधे तथा कतार से कतार की दूरी 2 से.मी. रखें। पौधों के बीच में पर्याप्त अंतर होने पर उन्हें पर्याप्त हवा तथा नमी प्राप्त होगी। कतार में पर्याप्त दूरी रहने पर खरपतवार होने की स्थिति में कोनावीडर की सहायता से इन्हें आसानी से निकालकर खाद बनायी जा सकती है। मृदा हेल्थ कार्ड में खेत की मिट्टी में पोषक तत्वों के अनुसार खाद का उपयोग करें। इसमें गोबर की खाद नाडेप तथा वर्मी खाद का अधिक उपयोग करें। धान रोपित करने के 15 दिन बाद कम मात्रा में यूरिया का छिड़काव किया जा सकता है। श्री विधि से धान लगाने पर खेत में पानी भरने की जरूरत नही होती है। लेकिन खेत में नमी बनी रहे इसकी व्यवस्था करें। जिस समय धान के पौधो में वृद्धि हो रही हो उस समय खेत को 2 से 3 दिनों के लिये सूखा छोड़ देना चाहिये। इसके बाद पुनः हल्की सिंचाई करके खेत को नम करना चाहिये। इस विधि से किसान 35 से 50 धक्कटल तक धान प्राप्त कर सकते हैं। इसके संबंध में किसान कृषि विस्तार अधिकारी से भी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## राज्य निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक ने निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामों का किया भ्रमण

**मऊगंज।** मऊगंज जिले के जनपद पंचायत नईगढ़ी में रिक्त जनपद वार्ड एवं ग्राम पंचायत के पंच पद के निर्वाचन के लिये राज्य निर्वाचक आयोग से नियुक्त प्रेक्षक अरूण पाण्डेय ने निर्वाचन क्षेत्र का भ्रमण किया तथा व्यवस्थाएँ देखीं।

प्रेक्षक श्री पाण्डेय ने ग्राम पंचायत शिवराजपुर, शाहपुर, बहुती, मड़वा का भ्रमण किया तथा



पुनरीक्षित मतदाता सूचियों में प्राप्त दावा आपत्तियों सहित मतदाता सूची से विलोपित मतदाताओं के संबंध में सूची का परीक्षण किया तथा ग्रामवासियों से चर्चा की। इस दौरान तहसीलदार नईगढ़ी, सीईओ जनपद नईगढ़ी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। प्रेक्षक श्री पाण्डेय के मो.नं. 9425036003 पर शिकायत एवं सुझाव दर्ज कराये जा सकते हैं।

## नगरीय क्षेत्रों की हरियाली के लिए 'अमृत हरित महाअभियान' पर कार्यशाला - टाउन हॉल में होगा सीधा प्रसारण

**रीवा।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 13 जून, शुक्रवार को प्रातः 8:30 बजे भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में "अमृत हरित महाअभियान" विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

## अवैध उत्खनन करते हुए जेसीबी और दो ट्रैक्टर तथा ट्राली जप्त

**रीवा।** खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि सीधी जिले के रामपुर नैकिन तहसील के ग्राम पड़खुरी पवाई 588 में मिट्टी का अवैध उत्खनन करते हुए एक जेसीबी मशीन तथा दो ट्रैक्टर और ट्राली जप्त की गई हैं। इन्हें रामपुर नैकिन थाने में सुरक्षित रखा गया है। एसडीएम चुरहट शैलेश द्विवेदी ने अवैध उत्खनन की सूचना मिलने पर तहसीलदार रामपुर नैकिन और खनिज निरीक्षक को मौके पर भेजकर जाँच कराई। ग्राम पड़खुरी पवाई में खसरा नम्बर 92/1 में मिट्टी का अवैध खनन करते पाया गया। ट्रैक्टर ट्राली में भी मिट्टी लोड पाई गई। वाहन चालक और भूमि स्वामी मिट्टी खनन की अनुमति के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। मौके पर 15 मीटर लम्बाई, दो मीटर चौड़ाई और लगभग एक मीटर गहराई के क्षेत्र में खनन पाया गया। खनिज विभाग द्वारा प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## हेल्दी लीवर मिशन के तहत आज मनाया जाएगा फैटी लीवर दिवस

**रीवा।** रीवा और मऊगंज जिले में एक जून से स्वस्थ लीवर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की विशेष पहल से फैटी लीवर के बारे में जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत 12 जून को फैटी लीवर दिवस मनाया जाएगा। इस दिन जिले भर में स्वास्थ्य संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज से बचाव के संबंध में जागरूक किया जाएगा। इसके साथ-साथ फैटी लीवर के संभावित रोगियों की जाँच के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और जिला चिकित्सालय में निःशुल्क जाँच शिविर लगाए जाएंगे। गांव में प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ता और एएनएम फैटी लीवर रोगियों की पहचान कर उनकी जाँच कराएंगे।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिसीज एक ऐसा विकार है जिसमें लीवर में अतिरिक्त वसा जमा हो जाता है। आमतौर पर शुरूआत में इससे किसी तरह की तकलीफ नहीं होती है तथा शरीर पर किसी तरह के लक्षण दिखाई नहीं देते हैं लेकिन बाद में पीड़ित को थकान, ऊपरी दाहिने पेट में दर्द और कभी-कभी पीलिया जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। फैटी लीवर आमतौर पर मोटापे, डायबिटीज और बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल जैसे कारणों से जुड़ा होता है। फैटी लीवर होने पर लीवर में सूजन, लीवर सिरोसिस और लीवर कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। लीवर सिरोसिस पर ध्यान न देने पर यह लीवर कैंसर में परिवर्तित होकर मृत्यु का कारण बन सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि फैटी लीवर से बचाव के लिए हर व्यक्ति अपने वजन पर नियंत्रण रखे। अधिक वजन वाले व्यक्तियों को इसका अधिक खतरा रहता है। ऐसे डाइट कार्यक्रम से दूर रहें जो लंबे समय तक भूखे रहने की सलाह देते हैं।

## खेती को आधुनिक बनाने के लिए उन्नत तकनीक किसानों तक पहुंचाएं : कमिश्नर

### कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की कृषि आदानों की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कृषि आदानों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि आगामी 18 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा रबी फसल की उपलब्धियों तथा खरीफ फसल की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। गत बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन तीन दिवस में प्रस्तुत करें। खेती ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। खेती के बेहतर होने से इसमें सुधार होगा। खेती को आधुनिक बनाने के लिए उन्नत तकनीक किसानों तक पहुंचाएं। खेती के साथ-साथ किसानों को पशुपालन, मुर्गीपालन और मछलीपालन से जोड़कर उन्हें आर्थिक विकास



का अवसर दें। इसके लिए फसलवार वर्ष भर की कार्ययोजना तैयार करें। विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों से मिले सुझावों को भी कार्ययोजना में शामिल करें। समन्वित प्रयासों से ही खेती बेहतर होगी। कमिश्नर ने कहा कि शासन द्वारा फसल विविधीकरण पर लगातार जोर दिया जा रहा है। किसानों को आगामी फसल में धान के स्थान पर दलहन और तिलहनी फसलों के लिए प्रेरित करें। इनके रकबे में वृद्धि करने के लिए आवश्यक उपाय करें। दलहन तथा तिलहन फसलों के उन्नत बीज किसानों तक पहुंचाएं। उद्यानिकी फसलों की भी संभाग के सभी जिलों में अच्छी संभावना है। कई किसान सब्जी और फलों की अच्छी खेती कर रहे हैं। अन्य किसानों को भी उद्यानिकी फसलों से जोड़ें। संयुक्त संचालक कृषि सभी जिलों की कृषि विकास की कार्ययोजना तैयार कराएं। कलेक्टर कृषि आदान तथा कृषि संबद्ध विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करें। जिले में खाद की उपलब्धता और वितरण पर भी लगातार निगरानी रखें। बैठक में कमिश्नर ने कृषि उपज मण्डियों की रैंकिंग में सुधार, बीज निगम द्वारा बीजों के प्रमाणीकरण, एफपीओ द्वारा तैयार बीजों के प्रमाणीकरण एवं मोटे अनाजों की खेती के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि आगामी 14 जून को पुनः संभागीय समीक्षा बैठक में एपीसी बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की जिलेवार समीक्षा की जाएगी। सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, उप संचालक मण्डी बोर्ड, क्षेत्रीय संचालक विपणन संघ तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर तथा कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी बैठक में शामिल रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833